www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 74 । नर्मदापुरम, बुधवार 11 जून 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

विरोध करने पर युवक को डंडेऔर पत्थर लेकर मारने दौड़े — पृष्ठ 2

▸ मोदी के 11 साल : राष्ट्रवाद का झंडा और राष्ट्रीय सुरक्षा का शोकगीत
▸ भारत में बढ़ते आयात से स्थानीय विनिर्माण को भारी नुकसान — पृष्ठ 4

▸ जनसुनवाई में कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं का किया निराकरण — पृष्ठ 6

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल — पृष्ठ 8

## कभी पार्टी में फूट पड़ेगी, मैंने नहीं सोचा था



**पुणे, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के 26वें स्थापना दिवस के मौके पर मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने पार्टी में फूट को लेकर बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि कभी पार्टी में फूट पड़ेगी, इसके बारे में मैंने नहीं सोचा था। एनसीपी (एसपी) के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'पार्टी में कभी फूट पड़ेगी, इसके बारे में मैंने कभी सोचा नहीं था। पार्टी के अंदर कई संकट आए, लेकिन आप सभी लोग बिना विचलित हुए आगे बढ़ते रहे।' उन्होंने कहा, पार्टी में कुछ विरोधी विचारों को लेकर भी अंतर पैदा हुआ, बाद में यह अंतर और अधिक बढ़ गया। इस बारे में मुझे ज्यादा कुछ नहीं कहना है। लेकिन जो आज हमारे साथ रह गए हैं, वह हमारी विचारधारा के साथ हैं। आगे भी जनता के सुख–दुख में सहभागी होने के लिए वह हमारे साथ रहेंगे। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि जब स्थानीय निकाय चुनाव होंगे तो आपको तस्वीर बिल्कुल अलग दिखाई देगी।

### अमेरिका में गृहयुद्ध जैसे हालात..

# शहर दर शहर उपद्रव, आगजनी



### नेशनल गार्ड्स की तैनाती से बढ़ी नाराजगी

अमेरिका में ट्रंप ने डिपोर्टेशन पॉलिसी लागू की हुई है। इसका असर ये हुआ कि अमेरिका में जो भी अवैध अप्रवासी मौजूद हैं, उन्हें पकड़–पकड़कर अमेरिका से बाहर उनके देश भेजा जा रहा है। इसी सिलसिले में लॉस एंजिल्स में 6 और 7 जून को एक विशेष अभियान चलाया गया था। इस अभियान के तहत जगह जगह छापे मारे गए थे। इसी के बाद से वहां विरोध प्रदर्शन तेज हो गए। अवैध प्रवासियों पर एक्शन के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी झंडे जला दिए। कई गाड़ियां फूंक दीं। पुलिस के साथ जगह–जगह हाथापाई हुई। कई जगह दुकानें लूट ली गईं।

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विवादित नीतियों से देश भी लड़खड़ाने लगा है। बीते तीन दिन से लॉस एंजिल्स में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों की नगरी में दिन के उजाले में ही दंगे हो रहे हैं। लॉस एंजिल्स के हाईवे पर दंगाईयों का कब्जा हो चुका है। उपद्रवियों ने यहां पर कई सेल्फ ड्राइविंग कारों में आग लगा दी।

हिंसा की आग न्यूयॉर्क तक भड़की हुई है। सवाल उठ रहे हैं कि अमेरिका में शहर–शहर उपद्रव क्यों हो रहा है, अमेरिका में किस मुद्दे पर प्रदर्शनकारी बनाम पुलिस हो रहा है, क्या अमेरिका में गृहयुद्ध जैसे हालात क्यों बन गए हैं? जलते लॉस एंजिल्स में रात के समय प्रदर्शनकारियों पर पुलिस डायरेक्ट फायर कर देती है। यहां भी सड़क पर आगजनी से दहशत का मंजर है। गाड़ियां रात में भी जलाई गई हैं। प्रदर्शनकारियों पर काबू पाने के लिए पुलिस की फायरिंग सरेआम हो रही है। डाउनटाउन से पैरामाउंट और कॉम्पटन तक हिंसा जबरदस्त हो रही है। कई वीडियो में प्रदर्शनकारियों का तांडव भी दिखा है। फेडरल ऑफिस को घेरकर अधिकारियों पर हमला किया गया। एक प्रदर्शनकारी को काबू करने में तीन–तीन पुलिसवाले जुटे हुए थे, लेकिन प्रदर्शनकारी ने तीनों पुलिसवालों की पिटाई कर दी और मौके से फरार हो गया। कई प्रदर्शनकारियों ने हाथ में मैक्सिको का झंडा लेकर हिंसा की। हालात पर काबू पाने के लिए अमेरिकी नेशनल गार्ड्स को लॉस एंजिल्स में उतारा गया। दो हजार अमेरिकी नेशनल गार्ड्स ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे, रबर बुलेट फायर की और उन्हें पीछे धकेला। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस हिंसा से बहुत क्रोधित हैं और उन्होंने ट्रुथ सोशल पर बैक टू बैक कई पोस्ट लिखे। एक पोस्ट में तो ये भी लिख दिया कि जो भी प्रदर्शनकारी मास्क में दिखे से फौरन अरेस्ट करो। उन्होंने ये भी लिखा कि शहर पर अवैध प्रवासियों का कब्जा है, इसे जल्द आजाद कराया जाएगा।

### एलन मस्क ने भी उठा दिए सवाल

लॉस एंजिल्स में भड़के दंगो पर एलन मस्क ने एक पोस्ट मे लिखा कि ये उचित नहीं है कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसॉम ने भी ट्रंप के फैसले को अनुचित और कठोर बताया, लेकिन ट्रंप जिद पर अड़े हैं। ट्रंप सरकार ने अवैध प्रवासियों के पंजीकरण पर भी सख्ती की है। रजिस्ट्रेशन नहीं कराने पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने का नियम बनाया है। यही वजह है कि अमेरिका में शोले भड़क रहे हैं और लॉस एंजिल्स इसका सेंटर बना है।

### दिल्ली में अपार्टमेंट के 7वें फ्लोर पर लगी आग

## 2 बच्चों व पिता ने छलांग लगाई, तीनों की मौत



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली के द्वारका जिला स्थित एक अपार्टमेंट में मंगलवार को आग लगने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना पूर्वाह्न करीब 10–00 बजे द्वारका सेक्टर 13 स्थित शब्द अपार्टमेंट की है।

आग की लपटों में घिरे फ्लैट से जान बचाने के लिए करीब 35 साल के यश और उनके परिवार के दो अन्य बच्चों ने सातवीं मंजिल की बालकनी से छलांग लगा दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों को तत्काल पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि आपकी इस घटना में यश की पत्नी और बड़े बेटे भी घायल हो गए। उनका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दिल्ली फायर ब्रिगेड कर्मियों ने दमकल की आठ गाड़ियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## नदी में नहाने गए 7 युवक डूबे

**टोंक, एजेंसी।** राजस्थान के टोंक में मंगलवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां बनास नदी में नहाने गए सात लोगों की मौत हो गई है। जबकि बाकी तीन लोगों की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, यह घटना बनास नदी के पुराने पुल के पास की बताई जा रही है। 11 युवक बनास नदी में नहाने गए थे, तभी वे नदी की गहराई में पहुंच गए और अचानक सभी डूब गए। युवकों के डूबने की जानकारी मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आठ युवकों को नदी से बाहर निकाला और उन्हें तुरंत ही इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

## रंगदारी और ब्लैकमेलिंग के आरोप में न्यूज एंकर शाजिया और आदर्श गिरफ्तार





**नई दिल्ली/ नोएडा, एजेंसी।** रंगदारी, ब्लैकमेलिंग और धमकाने के आरोप में नोएडा पुलिस ने भारत 24 की एंकर शाज़िया निसार और अमर उजाला डिजिटल विंग के एंकर आदर्श झा को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ 3 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

सूत्रों के मुताबिक दोनों पत्रकारों पर भारत 24 चैनल के शीर्ष अधिकारियों से 65 करोड़ की फिरौती मांगने और झूठे बलात्कार के आरोप लगाने की धमकी देने का आरोप लगा है। भारत 24 के प्रबंध निदेशक जगदीश चंद्रा, कंसल्टिंग एडिटर अनीता हाडा और एचआर प्रमुख अनु श्रीधर की शिकायतों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। चैनल के सूत्रों ने बताया कि अन्य कर्मचारियों की शिकायतों के आधार पर और प्राथमिकी दर्ज हो सकती हैं।

पुलिस ने शाज़िया निसार के घर की तलाशी के दौरान 34 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके बाद दोनों एंकरों को गौतम बुद्धनगर की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। भारत 24 के एमडी जगदीश चंद्रा ने न्यूज़लॉन्ड्री से कहा, कानून अपना काम कर रहा है। वह (शाज़िया) मुझे ही नहीं बल्कि एडिटर सैय्यद उमर, कंसल्टिंग एडिटर अनीता हाडा, एचआर हेड अनु और डेस्क व असाइनमेंट टीम के कई लोगों को भी धमकाया करती थी।, जिससे सभी परेशान थे। वहीं गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले ही चैनल ने शाज़िया निसार को नौकरी से बर्खास्त कर दिया। शाज़िया पहले रिपब्लिक भारत में कार्यरत थीं, जहां वे रूस- यूक्रेन युद्ध की रिपोर्टिंग के दौरान अपने अतिनाटकीय अंदाज़ के लिए कुख्यात हो गई थीं। फिलहाल आदर्श झा की गिरफ्तारी पर अब तक अमर उजाला की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट में बोले मुख्यमंत्री

# 20 हजार करोड़ का निवेश होगा



- छोटे निवेशक होंगे लाभान्वित, किसान भी बनेंगे निवेशक
- मप्र के सोलर ऊर्जा उत्पादन से नई दिल्ली में चल रही है मेट्रो ट्रेन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सिरमौर बनाने के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा देश में वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट तक सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के स्वप्न को साकार करने में मध्यप्रदेश शत–प्रतिशत योगदान देगा। उन्होंने कहा कि भोपाल में सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट में देश एवं प्रदेश के 350 से अधिक निवेशकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की है। सभी के उत्साह का ही परिणाम है कि योजना में 20 हजार करोड़ से अधिक राशि का निवेश होना संभावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में %सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना% समिट को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल एक्सपर्ट एवं जेआईजेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री बर्नार्ड क्रूजबर को तकनीकी सहयोग के लिए सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नायक हैं। श्री मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। प्रदेश में सोलर तथा पवन ऊर्जा का बड़े पैमाने पर उत्पादन हो रहा है। मध्यप्रदेश के सोलर ऊर्जा उत्पादन से नई दिल्ली में मेट्रो ट्रेन चल रही है और कई घरों को बिजली मिल रही है। निकट भविष्य में पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर 6–6 महीने बिजली उपलब्धता के लिए सोलर प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में राज्यों के बीच सौहार्द का वातावरण बना है। मध्यप्रदेश ने उत्तरप्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के साथ नदी जोड़ो परियोजनाएं शुरू की हैं। ऊर्जा उत्पादन में नागरिकों को जोड़कर अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सूर्य अनंत ऊर्जा का भंडार है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं। सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना में छोटे–छोटे निवेशकों को भी जोड़ना एक सराहनीय प्रयास है। मोहासा बाबई में नवकरणीय ऊर्जा के उपकरण निर्माण के लिए 22 इकाइयों का भूमि–पूजन किया जा चुका है इससे 24 हजार रोजगार सृजित होंगे। वर्ष 2025 तक प्रदेश के सभी शासकीय भवनों पर सोलर रूफटॉप लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महेश्वर में बना फ्लोटिंग एनर्जी पार्क अद्भुत है। नीमच और रीवा में बड़े सोलर प्रोजेक्ट संचालित हैं नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव ऊर्जानीरज मण्डलोई, शुरूआत में मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम के एमडी अमनबीर सिंह बैंस ने भी संबोधित किया।

### मोहन मंत्रिपरिषद ने कई प्रस्तावों को दी मंजूरी

## सुदूर बसाहटों को मुख्य मार्ग से जोड़ा जाएगा, तबादलों की तारीख बढ़ी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्ष पूर्ण होने पर दी बधाई

- मानसून से पहले मंत्री अपने-अपने क्षेत्रों में आवश्यक तैयारियां करें
- 4 नगरों में कामकाजी महिलाओं के लिए बनेंगे हॉस्टल
- तुअर दाल पर मंडी टैक्स समाप्त करने का निर्णय

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री मजरा–टोला सड़क योजना को मंजूरी दी। इसके तहत 30 हजार 9 सौ किमी सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह सरकार ने सुदूर बसाहटों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए 21 हजार करोड़ से अधिक की राशि भी मंजूर की है। यह राशि 20 हजार से ज्यादा बसाहटों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की इस बैठक में तबादले की तिथि 17 जून करने का निर्णय भी लिया गया, पहले यह तिथि 10 जून थी। बैठक के बाद नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रशंसा प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। श्री विजयवर्गीय ने बताया कि वर्षा काल की पूर्व तैयारी के मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी मंत्रियों को निर्देशित किया है कि मानसून से पहले अपने–अपने क्षेत्रों और विभागों में आवश्यक तैयारियां पहले से सुनिश्चित करें। श्री विजयवर्गीय ने बताया कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्राप्त सहायता से झाबुआ, सिंगरौली, देवास आदि चार औद्योगिक क्षेत्रों में कामकाजी महिला के लिए हॉस्टल बनाने का निर्णय लिया गया है। सरकार ने किसानों और दाल मिलरों को राहत देने हेतु प्रदेश के बाहर से आयातित तुअर दाल पर मंडी टैक्स समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। इससे प्रदेश में दाल मिलों की संख्या बढ़ेगी, रोजगार सृजन होगा और किसानों को दाल की अच्छी कीमत मिल सकेगी।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित होंगी जिला विकास सलाहकार समितियां

सरकार ने हर जिले में 'जिला विकास सलाहकार समिति' के गठन का निर्णय लिया है। इसके अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री होंगे और उपाध्यक्ष संबंधित जिले के प्रभारी मंत्री होंगे। समिति जिले के विकास का रोडमैप तैयार करेगी।

## बेंगलुरु भगदड़ मामला : सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करें

**कर्नाटक, एजेंसी।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार (10 जून) को राज्य को बेंगलुरु भगदड़ मामले में सीलबंद लिफाफे में अपना जवाब पेश करने की अनुमति दे दी। इस मामले में अगली सुनवाई 12 जून को होगी। कोर्ट ने इस हादसे का स्वत: संज्ञान लिया था। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार जून को रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने आए फैंस के बीच भगदड़ मची थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई। इस मामले पर अगले दिन हाई कोर्ट स्वत: संज्ञान लिया था।

## कपिल सिब्बल ने शेखर यादव मामले में उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी से राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने मंगलवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर यादव के मामले को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रेसवार्ता में सरकार और राज्यसभा चेयरमैन पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या शेखर यादव को बचाने की कोशिश की जा रही है? सिब्बल ने कहा कि शेखर यादव का बयान सार्वजनिक है और इसमें कोई दो राय नहीं है।

### एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

# महाकुंभ भगदड़ में 82 लोगों की मौत का दावा

- उप्र सरकार ने 37 का आंकड़ा ही जारी किया था
- 26 परिवार को 5-5 लाख रुपए दिए गए

**प्रयागराज, एजेंसी।** महाकुंभ में हुई भगदड़ को लेकर एक चौका देने वाली रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि महाकुंभ में हुई भगदड़ में मरने वालों की संख्या 37 नहीं, बल्कि 82 है. जिसे सरकार ने छिपाने का काम किया है। 26 परिवार के लोगों से यूपी पुलिस ने तबियत बिगड़ने से मौत होने की बात लिखे हुए फार्म पर साइन कराया और उन्हें बदले में 5–5 लाख रुपए दिए गए। ये सारी बातें रिपोर्ट में कही गई हैं। बीबीसी हिंदी ने एक रिपोर्ट के जरिए दावा किया है कि योगी सरकार ने महाकुंभ में हुई भगदड़ में मौत के आंकड़े को छिपाने का काम किया है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि महाकुंभ में कुल 82 लोग मारे गए हैं, जबकि सरकार ने 37 का आंकड़ा ही जारी किया। बात तो ये भी सामने आई कि भगदड़ में मारे गए लोगों से यूपी पुलिस ने जबरदस्ती साइन करवाया है कि उनके परिजन की मौत भगदड़ में नहीं, बल्कि बीमारी की वजह से हुई है। जिसके लिए 5–5 लाख रुपए दिए गए। पैसे देते हुए पुलिस का वीडियो भी मौजूद है।

### अखिलेश का भाजपा पर हमला



अखिलेश यादव ने तो बीबीसी रिपोर्ट पर ट्वीट किया है। पूर्व सीएम ने लिखा– सबको देखना, सुनना, समझना और साझा करना चाहिए। सच्चाई की जांच ज़रूरी है, लेकिन उसे फैलाना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने बीजेपी पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी, उसके नेता और समर्थक आत्ममंथन करें। उन्होंने कहा– अगर कोई मौत पर भी झूठ बोल सकता है, तो जरा सोचिए, झूठ के साम्राज्य का ताज पहनने के लिए वह कितनी दूर जा सकता है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 26 परिवार को 5–5 लाख रुपए दिए गए हैं। जिनमें से 18 परिवार उत्तरप्रदेश के, 5 बिहार के, 2 पश्चिम बंगाल के और 1 झारखंड का परिवार है। जिन पर दबाव डालकर कागजों मे साइन करवाया गया है। रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि उनके पास 82 लोगों के मौत के और पुलिस द्वारा पैसे देने के पुख्ता सबूत हैं।

## सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र राजभर को कार्यकर्ता ने जड़े थप्पड़



***जौनपुर, एजेंसी।*** *उत्तर प्रदेश के जौनपुर से एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति को माला पहनाने के बाद उसे पीटा जा रहा है। वीडियो को लेकर बताया जाता है कि यह वीडियो जौनपुर के जफ़राबाद के आशापुर गांव में सुहेलदेव जयंती का है। यह कार्यक्रम जाफराबाद थाना क्षेत्र के आशापुर में हुआ था। इस वीडियो के वायरल होने पर यूपी के सियासी हल्कों में चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है।*

*दरअसल, मऊ जिले के रहने वाले सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर उर्फ कटप्पा को उनके साथी व पार्टी कार्यकर्ता बृजेश राजभर ने जौनपुर के जफ़राबाद के आशापुर गांव में सुहेलदेव जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान माला पहनाने के महेंद्र राजभर को थप्पड़ जड़ दिए।*

*उन्होंने महेन्द्र राजभर को माला पहनाने से पहले कहा कि, जितने भी लोगों को अपने विधानसभा और लोकसभा में भेजा, उन्होंने हम लोगों की पैरवी नहीं कि बल्कि अपनी पैरवी कर अपने बेटे और परिवार के लिए काम कर रहे हैं। राजा सुहेलदेव के नाम को बेचा जा रहा है। कुछ तो ऐसे आताताई हैं जिनका हम त्याग करेंगे. इसके बाद उन्होंने महेन्द्र राजभर को पीटते हुए कहा कि 'पार्टी बनवली हम, मलाई कटबा तू'*

### 2017 में विधानसभा चुनाव हार गए थे महेन्द्र

*उल्लेखनीय है कि साल 2017 के विधानसभा चुनाव में महेन्द्र राजभर बाहुबली माफिया मुख्तार अंसारी के खिलाफ भाजपा के सिंबल से ओमप्रकाश राजभर के पार्टी के गठबंधन में चुनाव लड़े थे। जिसमें वह मुख्तार अंसारी से लगभग 6 हजार वोट से हार गए थे। इसी 2017 चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें मऊ की एक जनसभा में कटप्पा का खिताब दिया था, कहा था कि यही कटप्पा बाहुबली का सफाया करेगा।*

### मऊ से की उपचुनाव लड़ने की दावेदारी

*सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र राजभर उर्फ कटप्पा ने एक इंटरव्यू के दौरान उत्तर प्रदेश की मऊ विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि 'मैं मऊ सीट से लड़ने को तैयार, सपा के मुखिया को दावेदारी का आवेदन दे दिया है।' आपको बता दें कि हेट स्पीच मामले में मऊ सदर सीट से विधायक अब्बास अंसारी को एमपी एमएलए न्यायालय ने 2 साल की सजा सुनाई है जिसके बाद उपचुनाव की स्थिति बनी है।*

### कानून हाथ में लेने का चलन बढ़ना आम हुआ, पट्टे की जमीन और प्लॉट पर जबरन निर्माण, जनसुनवाई में शिकायत

# विरोध करने पर युवक को डंडे और पत्थर लेकर मारने दौड़े



**बैतूल, देशबन्धु।** घोड़ाडोगरी तहसील के ग्राम चोपना नंबर 2 निवासी सुरज पिता निखिल राय ने कलेक्टर जनसुनवाई में शिकायती आवेदन देकर अपनी निजी पट्टे की जमीन पर जबरन मकान निर्माण और प्लॉट पर कब्जा किए जाने की शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम चोपना नंबर 1 और 2 में स्थित उनकी कृषि भूमि और आवासीय प्लॉट पर कुछ दबंग लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है और अब वहां जबरन निर्माण कार्य कर रहे हैं।

शिकायत में सुरज राय ने बताया कि यह भूमि वर्ष 1974 से उनके कब्जे में है और वे यहां निवास और खेती कर रहे हैं। सीमांकन कराने हेतु उन्होंने तहसीलदार घोड़ाडोगरी के समक्ष चालान सहित आवेदन प्रस्तुत किया था लेकिन आज दिनांक तक सीमांकन नहीं हो सका है। इस स्थिति का लाभ उठाते हुए अनावेदकगण श्यामपद राय, किंकर राय, दिवाकर राय उनकी जमीन पर जबरन अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कर रहे हैं। सुरज का आरोप है कि जब उन्होंने निर्माण कार्य रोकने का विरोध किया तो अनावेदकों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और पत्थर व डंडा लेकर दौड़े। जनसुनवाई में आवेदन देकर मांग की है कि इस प्रकरण में तत्काल प्रभाव से सीमांकन कराया जाए, अनावेदकों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण को हटाया जाए और निर्माण कार्य को रोका जाए। उन्होंने अपने आवेदन के साथ निर्माण की छायाप्रति, पुराने आवेदन की प्रति, खसरा किश्तबंदी, नक्शा और पट्टे की प्रतियां भी संलग्न की हैं।

### नपाध्यक्ष नीतू यादव की पहल, अधिकारी कर्मचारी रहेंगे उपस्थित

## नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक गुरुवार को नगरपालिका कार्यालय में जनसुनवाई

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नागरिकों की समस्या का समाधान करने अब नगरपालिका परिषद में प्रत्येक गुरूवार को 11 बजे से 2 बजे जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। यह अभिनव पहल नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश से शुरू हो रही है ताकि नागरिकों को समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर गुरूवार से नगरपालिका कार्यालय में नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने हेतु जनसुनवाई शुरू की जा रही है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने बताया कि निकाय की जनता की जनसमस्या के निराकरण हेतु जनसुनवाई प्रत्येक गुरूवार प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका के अमृता सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। समीक्षा बैठक में निकाय के सभी विभागों के प्रभारी अधिकारी/लिपिक अनिवार्य रूप से शिकायतों के निराकरण के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। बैठक में यदि लंबित शिकायत से संबंधित विभाग प्रमुख/लिपिक अनुपस्थित पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित का होगा। उक्त में लंबित जनसुनवाई का निराकरण भी सुनिश्चित करेंगे। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए नागरिकों के हित में यह सुविधा दी जा रही है। नगरपालिका कार्यालय में प्रत्येक गुरूवार को जनसुनवाई होगी। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा नागरिकों से आग्रह किया गया है कि नपा की जनसुनवाई में आकर अपनी समस्याएं बताए।

## ऑफलाइन फाइल न लें, कमिश्नर ने साफ चेताया

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संभागायुक्त कृष्णगोपाल तिवारी ने अनुभाग स्तर पर, तहसील स्तर पर एवं विकासखंड स्तर पर ई ऑफिस सिस्टम के अंतर्गत ही सभी शासकीय कार्य करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि अनुभाग, तहसील एवं विकासखंड स्तर पर भी सभी फाइलें ई ऑफिस सिस्टम के अंतर्गत ली जाए। संबंधित अधिकारी ऑफलाइन फाइल ना लें। बताया गया कि अधिकांश एसडीएम एवं तहसीलदार के मेल आईडी बनाए जा चुके हैं और इसी सप्ताह से अनुभाग, तहसील स्तर एवं विकासखंड स्तर पर ई ऑफिस सिस्टम के तहत कार्य प्रारंभ कर दिए जाएंगे। संभागायुक्त ने निर्देश दिए की सभी कंप्लीट हो चुके राजस्व के पुराने रिकॉर्ड जिला अभिलेखागार में जमा कराए जाए। उन्होंने कहा कि रीडर एवं पीओ आईडी पर कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि सभी निराकृत प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल पर अपलोड किया जाए।

## शांतिनिकेतन स्कूल में समर कैंप का रंगारंग समापन



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शांतिनिकेतन मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदा पुरम में 2 जून से शुरू हुए समर कैंप का आज रंगारंग समापन हुआ समर कैंप में विद्यार्थियों ने एरोबिक्स योगा ,डांस ,कैरम ,आर्ट एंड क्राफ्ट कैलीग्राफी ,स्पोकन इंग्लिश ,संगीत में गायन की बारीकियो को सीखा ।समर कैंप में स्पून रेस का भी आयोजन किया गया तथा एक दिन बच्चों को स्थानीय नेहरू पार्क भी ले जाया गया ।समर कैंप के अंतिम दिन अलग-अलग विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शाला प्राचार्य डॉ के एम जॉर्ज एवं शाला की उप्रधानाचार्या डॉ हेमलता पुरोहित द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर शाला प्राचार्य डॉ के एम जॉर्ज ने कहा कि माता-पिता और शिक्षकों के सार्थक प्रयास से हम समर कैंप में बच्चों को मोबाइल से दूर रखने में सफल रहे और आशा करता हूं कि इसी प्रकार हमारे और आपके संयुक्त प्रयास से हम बच्चों को सही मार्गदर्शन प्रदान कर उसे सही दिशा में अग्रसर होने मे सहायक हो सकते हैं।

## लीज के नवीनीकरण के मामले में किया जागरूक

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नजूल नवीनीकरण की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने निर्देश दिए की लीज नवीनीकरण के ऐसे प्रकरण 31 मार्च 2025 को एक्सपायर हो चुके हैं, ऐसे लीज के प्रकरणों का पुनः नवीनीकरण किया जाए। संबंधित व्यक्ति से आवेदन लेकर लीज नवीनीकरण के प्रकरण प्राथमिकता से किए जाएं। उन्होंने कहा कि लोगों को भी जागरूक किया जाए कि वह अपने लीज का नवीनीकरण अनिवार्य रूप से कराए। जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए की प्राचीन कुएं, बावड़ी एवं जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने के लिए और अधिक मेहनत से कार्य किए जाएं और सभी जिले अपना प्रदर्शन सुधारे।

### नाम वापसी की अंतिम तिथि समाप्त, अब सीधी टक्कर

## जिला अभिभाषक संघ चुनाव में सभी 26 प्रत्याशी मैदान में डटे हुए, किसी ने नहीं लिया नाम वापस

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला अभिभाषक संघ बैतूल के आगामी चुनाव 27 जून को संपन्न होंगे। मंगलवार 10 जून को चुनावी प्रक्रिया के तहत नामांकन फार्म वापसी की अंतिम तिथि शाम 4 बजे निर्धारित थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नितिन मिश्रा, सहायक निर्वाचन अधिकारी महेश कुमार रावत, अरविन्द देशपांडे एवं राकेश पटेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कुल 26 उम्मीदवारों ने चुनाव के लिए अपने नामांकन प्रस्तुत किए थे, लेकिन अंतिम समय तक किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया।

इस प्रकार अब सभी 26 प्रत्याशी सीधे चुनावी मुकाबले में रहेंगे। अलग-अलग पदों के लिए नामांकन करने वाले प्रत्याशियों में अध्यक्ष पद हेतु दो उम्मीदवार अजय सिंह चौहान और अशोक वर्मा (चौधरी) मैदान में हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए अलका गहीर, राजेन्द्र कुमार बघेल और सुनील कुमार बांसल (अग्रवाल), सचिव पद हेतु अजय सोनी, बलदेव कुमार महाजन, राजेश मंदरे, सहसचिव पद के लिए बंटी, दीपक कुमार आसरेकर और गौरव मगरदे ने नामांकन भरा है।



कोषाध्यक्ष पद हेतु मनोज कुमार डफरे और सौरभ परिहार आमने-सामने होंगे। पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए लोकेन्द्र शेषकर और शिवकुमार कापसे ने नामांकन भरा है। कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनमें अनिल कुमार राठौर, भवानी प्रसाद दीवान, दिनेश उइके, मनीष कुमार राठौर, मोनिका निरापुरे, नीलेश उसरेटे, पूरनलाल राठौर, राजेश भूमरकर, रोशन मगरदे, संतोष खातरकर और वीरेन्द्र कुमार तिवारी शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नितिन मिश्रा ने बताया कि चुनाव निर्धारित तिथि 27 जून 2025 को विधिवत संपन्न कराया जाएगा। सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## निकला मलेरिया रथ, हॉट मार्केट में किया जागरूक, दी जानकारी



**चिचोली, देशबन्धु।** मंगलवार को जिला मलेरिया जनजागरूकता रथ को चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश चौहान द्वारा चिकित्सालय चिचोली से हरी झंडी दिखाकर चिन्हित ग्रामों के लिए रवाना किया गया। इस दौरान पंकज डोंगरे, डी. टाटीसार, रामरूप कैन, विवेक नागले, गजराज रघुवंशी, नीलेश सूर्यवंशी, राजू लोहारे, राजकुमार यादव, आकाश साहू, राहुल कहार उपस्थित रहे।

## संस्कार सेना महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष बनी नीता वराठे



**चिचोली, देशबन्धु।** संस्कार सेना की महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष के रूप में श्रीमती नीता वराठे की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष और संस्थापक हरभजन जांगड़े की अनुशंसा पर की गई है। नीता वराठे को यह जिम्मेदारी उनके पिछले सामाजिक योगदान और बच्चों के विकास के क्षेत्र में किए गए कार्यों के आधार पर सौंपी गई है।

## दस से कम नामांकन वाली शाला से शिक्षक का तबादला नहीं होगा

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** दस से कम नामांकन वाली शाला में किसी भी शिक्षक का नहीं होगा स्थानांतरण। नर्मदापुरम ।जिले में स्कूलों में टीचर सहित स्टाफ के स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है ।इसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग की स्थानांतरण नीति में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार दस से कम नामांकन वाली शाला में किसी भी शिक्षक का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा ।इसके साथ ही पारस्परिक स्थानांतरण समान पद एवं विषय होने पर ही किये जा सकेंगे। वहीं एक वर्ष की समयावधि में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों का पारस्परिक स्थानांतरण नहीं किया जा सकेगा। आदेश में प्रदर्शित किये गये संवर्ग को छोड़कर शेष संवर्गों में प्रशासकीय स्थानांतरण राज्य स्तर से ही किये जा सकेंगे। कण्डिकाओं में शिथिलता प्रदान करते हुए संशोधित आदेश जारी किये गये हैं।

## सोहागपुर विधायक की अनुशंसा पर 04 हितग्राहियों को 65 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधायक सोहागपुर की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा 04 हितग्राहियों के लिए कुल 65 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक सोहागपुर विजय पाल सिंह की अनुशंसा पर रामगोपाल आ. रामाधार ग्राम कोडंरवाडा पोस्ट बछवाडा विकासखंड माखननगर एवं रामाधार केवट आ. ग्यारसी केवट ग्राम कोडंरवाडा पोस्ट बछवाडा विकासखंड माखननगर को क्रमशः 25-25 हजार रूपये, झलकन केवट आ. गजराज केवट ग्राम कोडंरवाडा पोस्ट बछवाडा विकासखंड माखननगर को 10 हजार रूपये एवं श्रीमती गीताबाई केवट पत्नि करोडीलाल केवट ग्राम कोडंरवाडा पोस्ट बछवाडा विकासखंड माखननगर को 05 हजार रूपये आर्थिक सहायता की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## संभागायुक्त ने बसों की जानकारी मांगी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संभागायुक्त ने निर्देश दिए की सभी जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों के संचालक एवं प्राचार्य से इस आशय का लिखित में प्रमाण पत्र ले कि उनके स्कूल में कितनी बसें संचालित की जा रही है और कितनी बसो की फिटनेस की जांच की जा चुकी है। साथ ही स्कूल बसों के ड्राइवरों के लाइसेंस की जांच के संबंध में भी प्राचार्य एवं संचालकों से जानकारी ली जाए। संभागायुक्त ने कहा कि स्कूलों में कितनी बसें संचालित हो रही है एवं कितने ड्राइवर कार्यरत हैं इसकी जानकारी मिल जाएगी ।

## वरिष्ठ पत्रकार चौबे को दी श्रद्धांजलि



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र चौबे का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। वे लंबे समय से पत्रकारिता से जुड़े थे। मंगलवार शाम सेठानी घाट स्थित तिलक भवन सभागार में श्रद्धांजलि सभा हुई। सभा में उनके परिजन, मित्र, विशिष्टजन और शहरवासी शामिल हुए। स्व. चौबे को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, पूर्व विधायक गिरजा शंकर शर्मा, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा, नर्मदांचल पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, जनपद अध्यक्ष भूपेश चौकसे , नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव , कांग्रेस नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी , संयुक्त संचालक जनसंपर्क रश्मि देशमुख सहितस्थानीय जनप्रतिनिधि, पत्रकार, साहित्यकार, सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख मौजूद रहे। स्व. चौबे के परिजन ओ एन चौबे, बृजेश व्यास, विजय व्यास, चंद्रशेखर शर्मा, अनूप चौबे, अनिल चौबे, प्रदीप चौबे भी श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए।

## 21 जून को वृहद स्तर पर मनेगा योग दिवस

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा इस हेतु सभी जिले अपने-अपने स्तर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी सुनिश्चित कर लें। उन्होंने वर्षा से पूर्व की तैयारी की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि नगर पालिका सभी नालो और नालियों की साफ सफाई अभी से करना सुनिश्चित करें। बाढ़ ग्रसित क्षेत्र पर विशेष निगरानी जाए। संभागायुक्त ने निर्देश दिए की सभी कलेक्टर कर्मचारियों के हितों के लिए गठित जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक इसी सप्ताह आयोजित कर लें।

## समेरिटंस का केशव राष्ट्रीय ट्रैकिंग कैंप में शामिल

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** 13 मध्य प्रदेश बटालियन से संबंध समेरिटंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल का होनहार छात्र एनसीसी केडिट्स केशव श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ट्रैकिंग कैंप अमरकंटक में भोपाल ग्रुप का जूनियर डिविजन का प्रतिनिधित्व किया। कैंप 1 जून से 8 जून तक चला। केशव सिटी थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल वीरेंद्र श्रीवास्तव के सुपुत्र है। स्टेशन पर 13 एम. पी से हवलदार अजीत कुमार उपस्थिति रहे।।केशव ने कैंप में हर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिसमें बॉलीबॉल स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रमाणपत्र, मेडल प्राप्त किया। एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर सेकंड अफसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रैकिंग कैंप के माध्यम से केडिट्स को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण और साहसिक गतिविधियों का अनुभव मिलता है, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक क्षमताएं मजबूत होती हैं। इस बर्ष हमारी संस्था के तीन एनसीसी केडिट्स का राष्ट्रीय स्तर के ट्रैकिंग कैंप के लिए सिलेक्शन हुआ अभी क्रमशः दो कैंप ओर है जिसमें से 09 से 16 जून में एनसीसी केडिट्स निहाल अहिरवार और 17 से 24 जून में एनसीसी केडिट्स वत्सल पांडे शामिल होंगे। केडिट्स की इस उपलब्धि पर डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, सूबेदार रामवतार, एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव, कॉर्डिनेटर आर. के .सिंह, उप प्राचार्य राजेंद्र रघुवंशी, स्पोर्ट्स आफिसर सचिन खंपरिया, मीडिया प्रभारी प्रमोद शर्मा, स्नेहा उपाध्याय ने खुशी जाहिर कर अपनी बधाई दी।



## बारिश से पहले मरम्मत का कार्य करवाएं: तिवारी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बरसात से पूर्व क्षतिग्रस्त पुल पुलियों की मरम्मत का कार्य करना सुनिश्चित करें। तवा ब्रिज पर जगह-जगह हो रहे गड्ढों को ठीक कर पेच वर्क का कार्य कराएं। बरसात से पूर्व सभी नालों और नालियों से कचरा एवं गाद हटाकर नालों और नालियों की सफाई कर उन्हें प्रवाह मान बनाएं। साथ ही नालों और नालियों, पुल और पुलियों तथा नदी किनारे हो रहे अतिक्रमण को सख्ती से रोकते हुए उन्हें हटाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बारिश के दौरान होने वाली मौसमी बीमारियों के लिए सभी दवाईयों की व्यवथा सुनिश्चित करें तथा गंदगी वाले स्थान पर ब्लेचिंग पाउडर का छिडकाव कराना सुनिश्चित करें। संभागायुक्त ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारियों एवं सभी नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बोर वेल के खुले गड्ढों को ढकने एवं बिना मुंढेर वाली कुओं को भी ढंक कर रखें।

संभागायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वे जर्जर स्कूली भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही जर्जर बिल्डिंग एवं भवन भी संबंधित अधिकारी डिस्मेंटल करें। संभागायुक्त ने बारहसौल से खोंड तक सडक बनाने के निर्देश दिए। तथा कहा कि शीघ्र की अपर मुख्य सचिव की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसकी सभी तैयारियां पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री तिवारी ने एक पटवारी द्वारा रिटारमेंट के बाद भी अनाधिकृत रूप से सरकारी आवास में रहने के प्रकरण को गंभीरता से लें।

## भारती अग्रवाल बनी प्रदेश अध्यक्ष



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम की श्रीमती भारती अग्रवाल को समाज के प्रति सेवाकार्य, लगन एवं समर्पण को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल की अनुशंसा पर, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मृदुला गर्ग की सहमति से अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा मध्य प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया द्य उनकी इस उपलब्धि पर अग्रवाल समाज के बंधुओं एवं बहनों ने हर्ष व्यक्त किया एवं हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी ।

### आईटीआई की सभी सीटें प्राथमिकता से भरी जाएं, महिला सीट खाली न रहे

# सरकारी अस्पताल, स्कूल और अन्य भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन प्राथमिकता से करें : कमिश्नर

### संभागायुक्त ने कहा : वर्तमान में की जा रही कार्रवाई की गति को और बढ़ाया जाए




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने मंगलवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में नर्मदापुरम संभाग के हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह सरकारी अस्पताल, स्कूल एवं अन्य शासकीय भवनों के लिए यदि भूमि की आवश्यकता है तो भूमि आवंटन प्राथमिकता से करें। संभागायुक्त ने कहा कि सरकार के विकास कार्यों के लिए भूमि देने में देरी न हो और भूमि आवंटन के प्रकरण पेंडिंग ना रहे और भूमि आवंटन प्राथमिकता से किया जाए ताकि निर्माण कार्य समय सीमा में पूरे किए जा सके। संभागायुक्त ने निर्देश दिए की हरदा, बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले में स्थित आईटीआई महा विद्यालयो में सभी सीटें प्राथमिकता से भरी जाए। महिला सीट किसी भी स्थिति में रिक्त ना रहे। संभागायुक्त ने कहा कि आईटीआई की दशा को सुधारने के लिए शासन विशेष तौर पर प्रयास कर रही है। अब आईटीआई में ट्रेनिंग लेने वाले विद्यार्थियों को कंपनियां नौकरी प्राथमिकता से देंगी। संभागायुक्त तिवारी ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रकरणों में पीड़ितों को राहत राशि देने में प्राथमिकता से कार्य करें। राहत राशि देने में किसी भी स्थिति में अनावश्यक रूप से विलंब न किया जाए। इसके साथ ही संभागायुक्त ने निर्देश दिए की सभी जिले अवैध खनिज उत्खनन भंडारण एवं परिवहन के प्रकरण पर कड़ी कार्रवाई करते हुए ऐसे कार्य संलग्न वाहनों को राजसात करें और संबंधित पर जुर्माने की कार्रवाई की जाए। संभागायुक्त ने कहा कि वर्तमान में की जा रही कार्रवाई की गति को और बढ़ाया जाए।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### जनता के मुद्दों पर आंदोलन को लेकर रखे विचार, पदयात्रा का न्योता

**बैतूल, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी के रूप में दिल्ली से आए पूर्व कैबिनेट मंत्री और पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह तोमर का प्रथम भोपाल आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सारनी से आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, राष्ट्रीय परिषद सदस्य और प्रदेश संयुक्त सचिव अजय सोनी ने भोपाल पहुंचकर प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर से शिष्टाचार भेंट की। युवा नेता शिबू विश्वकर्मा और पूर्व पार्षद प्रत्याशी, पूर्व सर्किल प्रभारी अजय सरनकर भी उपस्थित रहे। अजय सोनी ने प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल, उपाध्यक्ष ममता मीणा और संगठन के अन्य प्रमुख नेताओं के समक्ष बैतूल जिले में एक बड़ी पदयात्रा का प्रस्ताव रखते हुए प्रदेश प्रभारी को आमंत्रित किया, जिसे जितेंद्र सिंह तोमर और प्रदेश नेतृत्व ने सहर्ष स्वीकार किया।

### 33 केवी इटारसी-2 से लाइनों पर विद्युत प्रवाह प्रभावित रहेगा

**इटारसी, देशबन्धु।** न्यास उपकेंद्र से संचालित 11 केवी बैंक कालोनी फीडर, सूरजगंज फीडर, बूढ़ी माता उपकेंद्र से संचलित 11 केवी नाला मोहल्ला फीडर, मालवीयगंज फीडर, गांधी नगर फीडर एवं ग्रैंड एवेन्यू उपकेंद्र से संचालित 11 केवी फेस 1 एवं फेस 2 फीडर की विद्युत सप्लाई सब स्टेशन में बोर आर्थिंग कार्य एवं 33 केवी नवीन लाइन एसपीएम फीडर की क्रॉसिंग कार्य के कारण सुबह 10 से 12 बजे तक बंद रहेंगे। इस दौरान इन फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे। बूढ़ी माता उपकेंद्र में बोर अर्थिंग के कार्य के चलते और पीपल मोहल्ला उपकेंद्र में 33 केवी नवीन लाइन कार्य निर्माण होने के कारण 33 केवी इंडस्ट्रीज और 33 केवी आईटीसी समय 10 -12 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान बूढ़ी माता उपकेंद्र से संचालित सभी 11 केवी फीडर, न्यास उपकेंद्र से संचालित सभी 11 केवी फीडर और एलकेजी उप केंद्र से संचालित सभी 11 केवी फीडर बंद रहेंगे।

### आदिवासी संगठन ने बिरसा मुंडा को बलिदान दिवस पर याद किया

**इटारसी, देशबन्धु।** आदिवासी संगठन ने सूर्यक्रांति जननायक भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान पर उन्हें याद किया और रानी दुर्गावती तिराह उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बिरसा मुंडा भारत के महान राष्ट्रवाद और राष्ट्र निर्माण में आदिवासी समाज के महान योगदान का प्रतीक हैं। इस अवसर पर शिवराम, चुनीलाल धुर्वे, रमेश एके, पार्षद राहुल प्रधान, रजत मर्सकोले, संजय युवने, अशीष गज्जाम, रमेश, अभिषेक गज्जाम, श्याम उईके, पियान गज्जाम, अजय इवने, समित, आकाश कुशराम, वाडिवा नर्मदी बाई आदि उपस्थित रहे।

### विकास एवं समन्वय समिति दिशा की बैठक 18 जून को होगी

**हरदा ,देशबन्धु।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक 18 जून को आयोजित होगी। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि यह बैठक 18 जून को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में प्रात: 11 बजे से आयोजित होगी। उन्होने समिति से संबंधित विभागों के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की अद्यतन जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये है। बैठक में रोजगार गारंटी योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण कौशल्या योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण स?क योजना, सांसद आदर्श ग्राम, आरसेटी, राष्ट्रीय कृषि बाजार योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि सिंचाई योजना, ग्राम स्वराज अभियान, समीक्षा की जाएगी।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर रहेगा प्रतिबंध

**हरदा , देशबन्धु।** मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 के तहत प्रत्येक वर्ष 16 जून से 15 अगस्त की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया जाता है। इसी क्रम में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने हरदा जिले में मत्स्याखेट पर 16 जून से आगामी 15 अगस्त तक के लिये प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेश अनुसार नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिबंध अवधि में मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन अथवा मत्स्य के क्रय विक्रय करने पर एक वर्ष का कारावास या अधिकतम 5 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दंडित किया जा सकता है।

### स्वस्थ यकृत मिशन के तहत स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया

**हरदा , देशबन्धु।** स्वस्थ यकृत मिशन के अंतर्गत मंगलवार को जिला पंचायत हरदा में एक दिवसीय स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 52 लोगों की स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान हीमोग्लोबिन, शुगर, ब्लड प्रेशर, ऊंचाई, वजन एवं कमर के नाप की जांच की गई। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी वर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमलेश गौड सहित अन्य नागरिकों एवं कर्मचारियों ने भी अपनी जांच कराई। शिविर में डॉ. नवीन जैन, मदन मोहन मालवीय, मांगीलाल मालवीय, लैब टेक्नीशियन एवं शहरी आशा कार्यकर्ता उपस्थित थी।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को दी जा रही जानकारी

**हरदा , देशबन्धु।** आयोजित कार्यक्रम में कृषको को फसल विविधिकरण, फसलों की किस्मो के सम्बन्ध में जानकारी, फसलो की बुवाई की पद्धति, उन्नत कृषि यन्त्र, सिंचाई यन्त्र, मृदा स्वास्थ कार्ड की अनुशंसा अनुसार उर्वरको का उपयोग करने की सलाह दी गई। इसके अलावा नरवाई नही जलाने हेतु किसानों को जागरूक किया जा रहा है । विभागीय योजनाओ की जानकारी दे रहे।

# जब विधायक ने अपने प्रतिनिधियों को अपने हाथों से परोसा भोजन



**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने आज ईश्वर रेस्टोरेंट इटारसी में विधानसभा के अलग-अलग विभागों में नियुक्त अपने प्रतिनिधियों की विशेष बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने को लेकर संगठन और सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान की जानकारी उन्हें दी और आगे की कार्य योजना बताई।

बैठक में भाजपा नेता पीयूष शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नर्मदापुरम अध्यक्ष नीतू यादव, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे,सागर शिवहरे,गोकुल पटेल,मयंक मेहतो,मुकेश मेना सहित समस्त प्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर, डॉ. शर्मा ने मोदी सरकार की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने इन 11 वर्षों में देश के विकास और प्रगति में आए बदलावों को रेखांकित किया और इसे बेमिसाल बताया। डॉ. शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार का यह 11 साल का कार्यकाल देश के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है और आने वाले समय में भी 'संकल्प से सिद्धि' के मंत्र के साथ विकास की यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाते रहें। डॉ. शर्मा ने स्वयं इन प्रतिनिधियों को अपने हाथों से भोजन परोसा। यह कार्यक्रम उन कार्यकर्ताओं के प्रति उनके सम्मान को दर्शाता है, जिन्होंने सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# मनमानी: आर्थिक अनियमितता पर जारी नोटिस का नहीं दिया जवाब



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत बाचावानी में 15वें वित्त से अंत्येष्टि सहायता एवं पंचमानदेय भुगतान के मामले में आर्थिक अनियमितताओं को लेकर देशबन्धु ने 2 जून 2025 को प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए तहसीलदार एवं जनपद पंचायत की प्रभारी सीईओ अंजू लोधी ने 5 जून 2025 को ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव ओमप्रकाश स्वामी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन कार्य दिवस में स्पष्टीकरण मांगा था। लेकिन पांच दिवस बीत जाने के बावजूद अभी तक ग्राम पंचायत जवाब प्रस्तुत नहीं कर पाई है। नोटिस का जवाब नहीं देना ग्राम पंचायत की लापरवाही दर्शाता है। जनपद पंचायत के अधिकारियों का कहना है कि ग्राम पंचायत ने जवाब प्रस्तुत नहीं किया है इसलिए नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। बाचावानी ग्राम पंचायत द्वारा अमृत सरोवर निर्माण तथा रोजगार गारंटी योजना में किए गए भ्रष्टाचार का पर्दाफाश भी देशबंधु ने 06 जून को खबर प्रकाशित करके किया था जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस मामले में जेसीबी संचालक को सपत्नीक मनरेगा मजदूरी का भुगतान किए जाने का मामला भी उजागर किया गया था।

**स्थाई सीईओ नहीं होने से हो रहे काम प्रभावित –**

जनपद पंचायत बनखेड़ी में सीईओ का प्रभार तहसीलदार अंजू लोधी के पास है, उनके पास दो दो बड़े कार्यालयों की जवाबदारी होने के कारण जनपद पंचायत को समय नहीं दे पा रही हैं।

**इनका कहना –**

ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है, जवाब के आधार पर जांच कराई जाएगी।

**अंजू लोधी,** प्रभारी सीईओ

# ग्राम अबगांव कलां एवं खेड़ा में लगाया विधिक साक्षरता शिविर



**हरदा , देशबन्धु।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार को ग्राम अबगांव कलां एवं खेड़ा में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने उपस्थित महिलाओं, पुरूषों और बच्चों को नालसा तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना एवं नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं योजना के उपबंधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही शिविरों में ग्राम न्यायालय क्रियान्वयन की प्रक्रिया एवं नि:शुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्राम न्यायालय के माध्यम से न्याय की पहुंच सुलभ कराने तथा प्रत्येक नागरिक को सामाजिक, आर्थिक एवं अन्य निशक्तता के कारण न्याय की पहुँच सुलभ कराने की दृष्टि से ऐसे विवाद जो ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 की प्रथम अनुसूची में प्रावधानित है, का निराकरण ग्राम न्यायालय की बैठक के द्वारा किया जाता है। छोटे विवादों का निराकरण, ग्राम न्यायालय द्वारा बैठक के माध्यम से किया जा सकता है। उपस्थित ग्रामीणजन को ग्राम न्यायालय के अधिकार क्षेत्र, प्रक्रिया, प्रणाली आदि के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया।

# तीन समितियों ने किया 560 से अधिक प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान, बोले: आपसे जिले की शान





**इटारसी, देशबनधु।** मयूर जायसवाल मित्र मण्डल, कौशलश्री विकास समिति एवं नव अंकुर संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह – 2025' में विभिन्न विद्यालयों से चयनित 560 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्लेटटिनम रिजॉर्ट इटारसी में किया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पंडित गिरजा शंकर शर्मा रहे तथा अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रवि जायसवाल ने कीत्र विशिष्ट अतिथि लखन बेस, अजय सैनी रहे। मयूर जायसवाल, अजय सैनी एवं सतीश बिल्लौरे ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति की ओर से सौम्य दुबे, सुनील सोनी, अर्पण दुबे, राकेश बाबरिया सलोनी सराठे, जेबा गोहर, गोल्डी बैस, गौरव चौधरी, प्रतीक मालवीय, प्रणीत मिश्रा, मयंक चौरे, शम्मी जायसवाल, प्रणय मिश्रा, राहिल बढ़कुर, विशाल बढ़कुर, समीर परते, अमित सोनकर, नमन पटेल, करण चौधरी ने शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर शिक्षकों, संस्था प्रमुखों और स्कूल संचालकों को भी शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। मार्गदर्शन के लिए एलएनसीटी ग्रुप से पंकज जैन सागर ग्रुप से राहुल आर्य ऊर्जा ग्रुप से डॉ चेतन रैकवार मौजूद रहे। अभिभावकों ने बच्चों को मंच पर सम्मानित होता देख अभिभूत होकर कार्यक्रम की सराहना की। यह इस आयोजन का दसवा वर्ष रहा।

# जीआरपी थाने के समीप रेलवे आवासों में लगी आग सतर्कता से बुझाई



**इटारसी, देशबन्धु।** आज पोटर खोली स्थित रेलवे आवास में आग लग गई। जैसे ही इस घटना की जानकारी आरपीएफ के जवान हरप्रताप सिंह परमार एवं सिटी थाने के प्रधान आरक्षक राकेश मेहरा को लगी तो वह दोनों तत्काल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के प्रयास करने लगे। तत्काल दमकल को खबर की और दमकल ने आकर आग पर काबू किया। बताया जाता है कि आरपीएफ के जवान श्री परमार ड्यूटी ऑफ कर घर जा रहे थे। लेकिन घटना की जानकारी लगते ही वह मौके पर पहुंच गये। सिटी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक राकेश मेहरा भी आग की घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच गये। आरपीएफ जवान के साथ सिटी थाने के प्रधान आरक्षक पेड़ के सहारे आवास की छत पर चढ़े और आग बुझाने का प्रयास किया। दोनों की सतर्कता और मेहनत में एक बड़ी आगजनी की घटना होने से रोकी जा सकी।

## दर्दनाक: ओवरब्रिज के पास ट्रैक्टर की टक्कर से रेलकर्मी की मौत



**इटारसी, देशबन्धु।** ओवरब्रिज पर अंधेरे ने फिर एक जान ले ली। नर्मदापुरम-इटारसी रोड पर द पार्क रिजार्ट के सामने बने ओवरब्रिज के पास सड़क हादसे में एक रेलकर्मी की मौत हो गयी। उसे एक ट्रैक्टर चालक ने जोरदार टक्कर मारी थी, सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गयी। टीआई ने बताया कि घटना पौने 11 से 11:30 बजे रात के बीच की है। स्वयं टीआई गौरव बुंदेला ने उसे अस्पताल भेजने के बाद ट्रैक्टर की तलाश में टीम भेजी लेकिन वह मिल नहीं सका। उसकी तलाश जारी है। सड़क हादसे में मृत शुभम चौरे 31 वर्ष इटारसी रेलवे स्टेशन के सीएनडब्ल्यू में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। वह ड्यूटी से अपने घर रसूलिया नर्मदापुरम जा रहे थे। ओवरब्रिज पर ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मारी जिससे वे सिर के बल गिरे। अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। शुभम के परिजनों के अनुसार शुभम की शादी दो साल पहले हुई थी। उनकी पत्नी तीन माह की गर्भवती हैं। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**हरदा , देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू व सुश्री रजनी वर्मा के साथ-साथ एसडीएम कुमार शानु व जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

## कृषि वैज्ञानिक किसानों से कर रहे संवाद

**हरदा , देशबन्धु।** भारत सरकार के निर्देश अनुसार जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले की ग्राम पंचायतो में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। उपसंचालक कृषि जे.एल. कासदे ने बताया अभियान के तहत जिले के हरदा, टिमरनी व खिरकिया विकासखंड की ग्राम पंचायतो में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# प्रांत संयोजिक ने विहिप मातृशक्ति की बैठक में दी आगामी कार्यक्रमों की जानकारी



**इटारसी,देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति मध्यभारत प्रांत संयोजिक अनिता सिकरवार एवं विभाग पूर्ण कालिक दीपा शर्मा ने भोपाल से आकर विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति की बैठक लेकर आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी और कार्ययोजना बतायी।

नगर संयोजिक अनिता तिवारी के गांधीनगर स्थित निवास स्थान पर हुई बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर पदाधिकारियों को कार्ययोजना बताई और विश्व हिंदू परिषद की स्थापना एवं उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सत्संग के माध्यम से हिंदुओं को जागृत करने की बात रखी। बैठक में नगर सह संयोजिक आरती मालवीय, सत्संग प्रमुख अर्चना सातपुते, रानी मनवारे, उषा यादव, सुषमा यादव, पार्वती पटेल, छाया तिवारी, आभा तिवारी आदि उपस्थित रहीं। नगर संयोजिक अनिता तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया।

# आज की शाम आसमान पर चांदनी बिखेरेगा स्ट्राबेरी मून




**इटारसी, देशबन्धु।** बुधवार 11 जून की रात की शुरूआत बेहद खास होगी। पश्चिम में सूर्य के ढ़लते ही पूर्वी आकाश में पूनम का चंद्रमा उदित होगा। इसे स्ट्राबेरी मून नाम दिया गया है जो कि पश्चिमी देशों में इस समय पकने वाली जंगली स्ट्राबेरी के कारण रखा गया है। पूर्णिमा की ठीक खगोलीय स्थिति दोपहर 1 बजकर 13 मिनट पर होगी। उस समय भारत में दिन चल रहा होगा।

सारिका घारू ने बताया कि कुछ देशों में इसे हॉट मून, रोज मून , मीड मून कहा जाता है। सूर्यास्त के बाद आप इसे पूर्व दिशा में उदित होता देख पायेंगे जो कि मध्यरात्रि में आपके सिर के ऊपर आकर सुबह सबेरे पश्चिम में अस्त हो जायेगा। इस पूर्णिमा पर चंद्रमा की पृथ्वी से दूरी 4 लाख किमी से अधिक होने के कारण यह अपेक्षाकृत छोटा ही दिखेगा। सारिका ने बताया कि पूर्णिमा का चांद महने के बदलने और मौसम की जानकारी का समय बताने आकाशीय घड़ी के रूप में उपयोग किया जाता रहा है। लगभग हर 20 साल में स्ट्राबेरी मून और समर सोलिस्टस की घटना एक साथ होती है। अगले साल स्ट्राबेरी मून 30 जून 2026 को होगा। तो देखिये शाम को चमकते स्ट्राबेरी मून को।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में गति लाएं अन्यथा होगी कार्यवाही

**हरदा , देशबन्धु।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिये कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रस्तावित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराएं। उन्होने कहा कि इन कार्यों में गति लाएं अन्यथा जिम्मेदार उपयंत्रियों, रोजगार सहायकों व पंचायत सचिवों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री जैन ने जिला पंचायत के सीईओ को निर्देश दिये कि जिन अधिकारियों के कारण अभियान के कार्यों में गति न आने से जिले की रैंक व ग्रेडिंग खराब हो रही है, सभी को कारण बताओ नोटिस आज ही जारी करें तथा संतोषजनक जवाब न पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करें। उन्होने एक-एक उपयंत्री से विस्तृत चर्चा कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री जैन ने बैठक में कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश सरकार का सर्वोच्च प्राथमिकता वाला अभियान है। इस अभियान से संबंधित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कार्यालय तहसीलदार बनखेडी

### तहसील बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)
### संशोधन सूचना ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 027/अ-6 (अ)/2025-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम जुनावानी में स्थित भूमि खसरा नंबर 103 रकवा 1.882 हे. विजयंत सिंह आत्मज जीवन लाल निवासी पिपरिया ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 30.07.2017 को क्रय की थी किन्तु हल्का पटवारी द्वारा उक्त भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड मे विजयंत सिंह के स्थान पर विजय सिंह नाम दर्ज कर दिया गया है । उक्त नाम के शुद्धिकरण करके विजयंत सिंह आत्मज जीवन लाल जाति रघुवंशी राजस्व अभीलेख में दर्ज होना है, जिस भी व्यक्ति को आपत्ति है वह 7 दिवस में न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र है ।

नर्मदापुरम, बुधवार 11 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# महाकुंभ भगदड़ पर नए सवाल

जनता की सहनशक्ति, उसकी कमजोर स्मरणशक्ति या अन्याय के आगे खामोश रहने की आत्मघाती प्रवृत्ति, कारण जो भी हो, लेकिन ऐसी ही किसी वजह से देश में मानवनिर्मित (सरकार निर्मित पढ़ा जाए) आपदाएं थम ही नहीं रही हैं। छह महीने पहले महाकुंभ में भगदड़ मची थी, वह भी ऐसी ही एक आपदा थी। भाजपा सरकार ने इस महाकुंभ का आयोजन कुछ इस अंदाज में किया था मानो देश में मोदीजी सत्ता में हैं तो महाकुंभ का योग बना, अन्यथा नक्षत्र-तारे तो अपनी चाल बदल लेते। 144 साल बाद महाकुंभ का अद्भुत संयोग बना है, यही श्रद्धालुओं को बताया गया। देश ही नहीं विदेशों से भी आध्यात्म का सुख लेने लोग आ रहे हैं, इस बात को सगर्व सरकार और मीडिया ने प्रस्तुत किया। यानी कुंभ में डुबकी लगाने वाले तो सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठे, मगर सरकार इसी में खुश होती रही कि कितने विदेशियों ने यहां डुबकी लगाई। पूरे देश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे थे। बहुतों को धर्म का पालन करना था, बहुतों को भेड़ चाल का हिस्सा बनना था कि जब इतने लोग पहुंच रहे हैं तो हम भी पहुंच जाए। सरकार चाहती भी यही थी कि महाकुंभ के लिए रिकार्डतोड़ आगंतुक पहुंचें। रोजाना आंकड़े पेश होते थे, आज इतने लाख लोगों ने डुबकी लगाई, आज इतने लाख लोग और पहुंच गए। बताया गया कि करीब 7 हजार करोड़ रुपए महाकुंभ के आयोजन में खर्च हुए और 66 करोड़ लोग 45 दिन में पहुंचे।

सब कुछ अच्छे से चल रहा था और सरकार चाहती भी यही थी कि इस सफल आयोजन की गूंज पूरी दुनिया में जाए। दुनिया के उन्नत देश ओलंपिक, फुटबॉल वर्ल्ड कप जैसे आयोजनों से जब अपनी धाक जमा सकते हैं, तो भारत महाकुंभ के जरिए अपनी धूम मचाना चाहती थी। लेकिन 29 जनवरी को मची भगदड़ ने महाकुंभ की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। पहले तो उप्र सरकार ने यह स्वीकार ही नहीं किया था कि भगदड़ हुई है, जबकि दिल्ली से प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने मृतकों के लिए श्रद्धांजलि पेश कर दी। इसके बाद सरकार ने माना कि भगदड़ हुई है, लेकिन उसमें कितने हताहत हुए, यह आंकड़े पहले पेश नहीं किए गए। जो पेश हुए, उनकी सच्चाई पर सवाल उठे। क्योंकि जहां एक साथ लाखों लोग मौजूद थे, वहां मौतों का आंकड़ा 37 बताया गया, जबकि कई पत्रकारों ने कहा था कि उन्होंने मुर्दाघरों में कहीं ज्यादा लाशें गिनी हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी जब राज्यसभा में कुंभ में हजारों मौतों का हवाला दिया था तो भाजपा सांसदों ने उन्हें टोका था कि वे गलत कह रहे हैं। तब श्री खड़गे ने कहा था कि आप सही आंकड़े बता दीजिए। लेकिन संसद में इस पर मोदी सरकार ने चर्चा होने ही नहीं दी और उप्र विधानसभा में आदित्यनाथ योगी ने 37 मौतों का आंकड़ा दिया, साथ ही बताया कि इन्हें मुआवजा भी दिया गया है।

लेकिन अब मीडिया संस्थान बीबीसी की रिपोर्ट ने महाकुंभ पर नए सवाल खड़े किए हैं। बीबीसी ने महाकुंभ की भगदड़ में प्रभावित लोगों के परिजनों से मुलाकात की, 11 राज्यों में 50 से अधिक जिलों में करीब सौ परिवारों से बीबीसी रिपोर्ट्स ने मुलाकात की, तब पता चला कि कम से कम 82 लोगों की मौत भगदड़ में हुई है। इन 82 मौतों को बीबीसी ने मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में बांटा है. पहली श्रेणी उन मृतकों की है, जिनके परिजनों को 25-25 लाख रुपए का मुआवज़ा दिया गया। दूसरी श्रेणी उन मृतकों की है जिनके परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए नकद दिए गए। वहीं तीसरी श्रेणी में ऐसे मृतकों को रखा गया है जिनके परिजनों को कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली है। गौरतलब है कि योगी सरकार ने 36 परिवारों को 25 लाख डिजीटल तरीके या चैक से मुआवजे के तौर पर दिए, वहीं 26 परिवारों को नकद में मुआवजा दिया गया है, ऐसा बीबीसी का दावा है। इसके बदले उनसे फर्जी कागजों पर हस्ताक्षर कराए गए, जिनमें मौत का कारण बदल दिया गया है।

यह बेहद गंभीर खुलासा है और इस पर बाकायदा ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स की जांच होनी चाहिए क्योंकि सरकारी खजाने से निकली हरेक पाई का हिसाब होता है, ऐसे में अगर नकद से 26 परिवारों को मुआवजा दिया गया है तो नक़दी देने का निर्णय किस नियम के तहत हुआ, नक़दी का वितरण किसके आदेश पर हुआ, नक़दी के वितरण का लिखित आदेश कहां है, नक़दी वितरण में क्या कोई अनियमितता हुई, ये सारे सवाल उठ रहे हैं। यहां नरेन्द्र मोदी के नोटबंदी और कैशलेस भुगतान के दावे पर भी सवालिया निशान लग गए हैं। क्योंकि जब सरकारें ही नकद से काम करने लगेंगी तो सरकारी हिसाब-किताब कैसे पुख्ता होगा, और फिर क्या गारंटी है कि यहां काले धन का इस्तेमाल नहीं होगा।

इन सारे सवालों के जवाब सरकार के पास ही हैं, लेकिन उसका रवैया पहले भी खामोश रहने का था और अब भी वैसा ही दिख रहा है। बीबीसी की खोजी रिपोर्ट पर अखिलेश यादव, कांग्रेस सभी सवाल उठा रहे हैं, लेकिन इनके जवाब देने की जगह फिलहाल भाजपा का जोर मोदी सरकार के 11 साल के जश्न पर है। बेशक सरकार खुशियां मनाएं, लेकिन लोगों की खुशी भगदड़ का शिकार न हो, इस बारे में सरकार क्या कर रही है, इसका जवाब तो देना ही चाहिए।

# मोदी के 11 साल : राष्ट्रवाद का झंडा और राष्ट्रीय सुरक्षा का शोकगीत


सोमवार (9 जून) को प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा कर लिया है। वैसे उन्हें प्रधानमंत्री बने 11 साल हो गए हैं। 26 मई, 2014 को प्रधानमंत्री बनने से पहले वे करीब साढ़े बारह साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे थे। उस भूमिका में रहते हुए उन्होंने प्रचार माध्यमों के जरिए अपनी छवि विकास पुरुष की बनाई थी। इसी छवि के सहारे वे प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल हुए थे। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उन्होंने देश की जनता से 60 महीने मांगते हुए कई वादे किए थे और तरह-तरह के सपने दिखाए थे। उनके वादों और सपनों का लब्बो-लुआब यह था कि वे पांच साल में भारत को विकसित देशों की कतार में ला खड़ा कर देंगे।

देश की जनता ने उनके वादों पर ऐतबार करते हुए उन्हें न सिर्फ पांच साल का एक कार्यकाल सौंपा बल्कि उस कार्यकाल में तमाम मोर्चों पर उनकी नाकामी के बावजूद उन्हें पूर्ण बहुमत के साथ पांच साल का दूसरा कार्यकाल भी दे दिया। यही नहीं, इस दौरान कई राज्यों में भी भाजपा की सरकारें बन गईं- कहीं स्पष्ट जनादेश से तो कहीं विपक्षी विधायकों की खरीद-फरोख्त के जरिए जनादेश का अपहरण करते हुए। इसके बावजूद हर मोर्चे पर उनकी नाकामियों का सिलसिला न सिर्फ जारी रहा बल्कि तेज गति से जारी रहा। यही वजह रही कि मोदी को तीसरा कार्यकाल आसानी से हासिल नहीं हुआ। इसके लिए उन्हें चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था का घोर दुरुपयोग, विपक्षी दलों और नेताओं का निर्ममतापूर्वक दमन, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और लालच व दबाव के जरिये मीडिया के बंध्याकरण का सहारा लेना पड़ा। यह सब करने के बावजूद उनकी पार्टी बहुमत से काफी दूर रही और वे सहयोगी दलों की बैसाखियों के सहारे ही सरकार बना सके।

मोदी सरकार के दो कार्यकाल तो देश के आम आदमी के लिए तमाम तरह की दुश्वारियों से भरे हुए रहे ही और तीसरे कार्यकाल का पहला साल भी न सिर्फ बेहद निराशाजनक रहा है बल्कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत राष्ट्र की जो छवि थी, वह भी पूरी तरह चौपट होती दिख रही है। बहरहाल 11वें साल की चर्चा करने से पहले मोदी के उस भाषण को भी याद लेना चाहिए, जो उन्होंने 11 साल पहले प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार लाल किले से दिया था।

मोदी ने मई 2014 में प्रधानमंत्री बनने बाद जब 15 अगस्त, 2014 को स्वाधीनता दिवस पर लाल किले से पहली बार देश को संबोधित किया था तो उनके भाषण को समूचे देश ने ही नहीं बल्कि दुनिया के दूसरे तमाम देशों ने भी बड़े गौर से सुना था। विकास और राष्ट्रवाद की मिश्रित लहर पर सवार होकर सत्ता में आए मोदी ने अपने उस भाषण में देश की आर्थिक और सामाजिक तस्वीर बदलने का इरादा जताते हुए देशवासियों और खासकर अपनी पार्टी तथा उसके सहमना संगठनों से अपील की थी कि अगले दस साल तक देश में सांप्रदायिक या जातीय तनाव के हालात पैदा न होने दें।

मोदी ने कहा था- 'जातिवाद, सांप्रदायवाद, क्षेत्रवाद, सामाजिक या आर्थिक आधार पर लोगों में विभेद, ये सब ऐसे जहर हैं, जो हमारे आगे बढ़ने में बाधा डालते हैं। आइए, हम सब एक संकल्प लें कि अगले दस साल तक हम इस तरह की किसी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे। हम आपस में लड़ने के बजाय गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा तथा तमाम सामाजिक बुराइयों से लड़ेंगे और एक ऐसा समाज बनाएंगे जो हर तरह के तनाव से मुक्त होगा। मैं अपील करता हूं कि यह प्रयोग एक बार अवश्य किया जाए।'



अनिल जैन

**भारतीय सेना अपने मिशन में काफी हद तक कामयाब होने के बाद पाकिस्तानी सेना के हमलों का भी मुंहतोड़ जवाब दे रही थी, तब अचानक संघर्ष विराम का फैसला हो गया, जिसका ऐलान भारत या पाकिस्तान की ओर से नहीं बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से हुआ। यही नहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कश्मीर मसले पर दोनों देशों के बीच मध्यस्थ बनने की बात भी कही।**

इतना ही नहीं, मोदी ने अपने उस भाषण में पड़ोसी देश पाकिस्तान की ओर भी दोस्ती का हाथ बढ़ाने का संकेत दिया था। उन्होंने गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, आतंकवाद आदि को भारत और पाकिस्तान की समान समस्याएं बताते हुए आह्वान किया था कि दोनों देश आपस में लड़ने के बजाय कंधे से कंधा मिला कर इन समस्याओं से लड़ेंगे तो दोनों देशों की तस्वीर बदल जाएगी।

मोदी का यह भाषण उनकी स्थापित और बहुप्रचारित छवि के बिल्कुल विपरीत, सकारात्मकता और सदिच्छा से भरपूर माना गया था। देश-दुनिया में इस भाषण को व्यापक सराहना मिली थी, जो स्वाभाविक ही थी। उनके इस भाषण के बाद उम्मीद लगाई जा रही थी कि उनकी पार्टी तथा उसके उग्रपंथी सहमना संगठनों के लोग अपने और देश के सर्वोच्च नेता की ओर से हुए आह्वान का सम्मान करते हुए अपनी वाणी और व्यवहार मे संयम बरतेंगे। मगर रत्ती भर भी ऐसा कुछ नहीं हुआ। बहुत जल्दी ही खुद मोदी भी खुल कर सांप्रदायिक एवं विभाजनकारी भाषण देने लगे, जिससे प्रेरित होकर देश भर में कहीं गाय के नाम पर, कहीं धर्म के नाम पर तो कहीं देशभक्ति के नाम पर मुसलमानों और दलितों के उत्पीड़न की घटनाएं होने लगीं। हैरानी और अफसोस की बात यह कि इन सब बातों का सिलसिला कोरोना जैसी भीषण महामारी के दौर में भी थमा नहीं और जिसका चरम पूरे देश ने हाल ही में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद के घटनाक्रम के दौरान देखा है।

पहलगाम हमले का मक़सद कश्मीर के सामान्य होते हालात को बिगाड़ने के साथ ही देश भर में हिंदू-मुस्लिम टकराव पैदा करना था और इस पर भाजपा की ओर से जिस तरह की प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही थी, वह आतंकवादियों के मकसद को पूरा करने का प्रयास ही लग रही थी। मगर देश के मुस्लिम समुदाय के संयम और समझदारी ने उस मकसद को नाकाम कर दिया। भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के दोषियों को सबक देने के लिए जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादियों के अड्डों पर सैन्य कार्रवाई की और उस कार्रवाई के चलते जब पाकिस्तान के साथ युद्ध जैसे हालात बने, तब भी पूरा देश सेना और सरकार के पीछे एकजुट रहा।

भारतीय सेना अपने मिशन में काफी हद तक कामयाब होने के बाद पाकिस्तानी सेना के हमलों का भी मुंहतोड़ जवाब दे रही थी, तब अचानक संघर्ष विराम का फैसला हो गया, जिसका ऐलान भारत या पाकिस्तान की ओर से नहीं बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से हुआ। यही नहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कश्मीर मसले पर दोनों देशों के बीच मध्यस्थ बनने की बात भी कही। अमेरिकी राष्ट्रपति की इस बात को भारत सरकार ने किस मजबूरी के चलते स्वीकार किया, यह अभी भी रहस्य बना हुआ है और इस बारे में सवाल पूछने वालों को सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से 'देशद्रोही' करार दिया जा रहा है। पहलगाम हमला स्पष्ट रूप से सुरक्षा चूक यानी सरकार की लापरवाही का नतीजा था लेकिन सरकार इसे भी स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

बहरहाल इस पूरे घटनाक्रम का सर्वाधिक दुखद और शर्मनाक पहलू यह रहा कि पहलगाम हमले से लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य टकराव तक दुनिया का कोई भी देश भारत के समर्थन में सामने नहीं आया। अलबत्ता पाकिस्तान को जरूर चीन तथा कुछ अन्य देशों ने न सिर्फ सामरिक सहयोग दिया बल्कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से उसे भारी-भरकम आर्थिक सहायता भी मिल गई। भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए सांसदों, पूर्व सांसदों और राजनयिकों के कई प्रतिनिधिमंडल दुनिया भर के देशों में भेजे, मगर यह कवायद भी न सिर्फ नाकाम रही बल्कि हास्यास्पद भी साबित हुई, क्योंकि भारत की ओर से जिस पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करने की अपील दुनिया भर से की जा रही थी, उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आतंकवाद निरोधक कमेटी का उपाध्यक्ष और तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष भी चुन लिया गया।

रूस जैसा भारत का भरोसेमंद दोस्त भी अब भारत के साथ नहीं है और उसका हाथ पाकिस्तान के कंधे पर है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के ऐसे दयनीय हालात पहले कभी नहीं रहे। यह पूरा सूरत-ए-हाल भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से बेहद चिंता का विषय है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इस सबसे बेफ़िक्र होकर सेना के पीछे छुपते हुए अपनी नाकामी को कामयाबी के तौर पर प्रचारित करते हुए देश भर में रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। उनके सामने अहम मकसद है किसी भी तरह बिहार और उसके बाद बंगाल का चुनाव जीतना। चुनाव ही एकमात्र ऐसा मोर्चा है जिस पर मोदी अपने 11 साल के अब तक के कार्यकाल में चुनाव आयोग और धनबल के सहारे कामयाब रहे हैं।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# भारत में बढ़ते आयात से स्थानीय विनिर्माण को भारी नुकसान

■ **नन्तू बनर्जी**

भारत के आर्थिक विकास के आंकड़े घरेलू विनिर्माण, औद्योगिक उत्पादन और रोजगार सृजन से तेजी से अलग होते जा रहे हैं। पिछले वित्त वर्ष के दौरान देश की 6.5 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में विनिर्माण क्षेत्र का अत्यल्प योगदान रहा, जो चार वर्षों में सबसे ऊपर था। पिछले साल अच्छे मानसून के बावजूद, दूसरी छमाही (अक्टूबर-मार्च) में देश के कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत रही। 2024-25 के लिए औद्योगिक विकास दर केवल 4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले चार वर्षों में सबसे कम है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 में देश का औद्योगिक उत्पादन आठ महीने के निचले स्तर 2.7 प्रतिशत पर आ गया। तब फिर देश की जीडीपी वृद्धि को कौन आगे बढ़ा रहा है? जाहिर है, देश का कम भरोसेमंद विशाल सेवा क्षेत्र, जिसे भारी आयात आधार दे रहा है।

विडंबना यह है कि पिछले वित्त वर्ष में भारत के कुल आयात में 6.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जो देश की जीडीपी वृद्धि दर से थोड़ा अधिक है। इससे कुछ हद तक गलत धारणा बन सकती है कि जीडीपी वृद्धि आयात वृद्धि से जुड़ी हुई है। अनियंत्रित आयात, मुख्य रूप से चीन से, भारत की घरेलू उत्पादन पहल और देश के नयी नौकरी सृजन एजेंडे को कमजोर कर रहे हैं। भारत से चीन को आयात तेजी से घट रहा है।

**आयात करके प्रसन्न रहने वाली सरकार की उदार निवेश नीति, विशेष रूप से विनिर्माण में, की अनुपस्थिति में तथाकथित 'मेक-इन-इंडिया' पहल को बहुत कम सफलता मिली, जो विदेशी औद्योगिक निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित कर सकती थी, जैसा कि उन्होंने कई वर्षों तक कम्युनिस्ट चीन में किया था। विदेशी निवेशकों को सरकार के राजनीतिक रंग में कोई दिलचस्पी नहीं है।**

पिछले वित्त वर्ष में, चीन से भारत का आयात 113 अरब डॉलर से अधिक था, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 11.5 प्रतिशत अधिक था। चीन से आयात किये जाने वाले शीर्ष उत्पादों में विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मशीनरी, कार्बनिक रसायन और प्लास्टिक शामिल थे, जिनमें से अधिकांश का निर्माण भारत में किया जाना चाहिए था। इस वृद्धि ने भारत के व्यापार घाटे को बढ़ाने में योगदान दिया। इसके विपरीत, चीन को भारत का माल निर्यात पिछले साल के 16.66अरब डॉलर से घटकर केवल 14.25 बिलियन डॉलर रह गया।

निर्यात-प्रधान चीन भारत से कुछ भी आयात करना पसंद नहीं करता है। सरकार में कोई भी व्यक्ति देश में साल दर साल, खास तौर पर चीन से आयात में हो रही भारी वृद्धि के बारे में चिंतित नहीं दिखता। आयात ज्यादातर घरेलू उत्पादन और स्थानीय नौकरियों की कीमत पर होता है। कोई भी देश केवल माल का आयात नहीं करता। वह श्रम का भी आयात करता है, जो आयातित उत्पादों के निर्माण में जाता है। चीन भारत का शीर्ष आयात स्रोत बना हुआ है, जो किसी भी एक देश से अब तक का सबसे बड़ा आयात स्रोत है।

पिछले वित्त वर्ष में, भारत का कुल आयात बढ़कर 915.19अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। यह वृद्धि उच्च माल आयात द्वारा संचालित थी, जो 720.24अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गयी, जो पिछले वित्त वर्ष में 678.21अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि थी। सरकार का कोई भी विभाग वर्तमान भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय सरकार के संचालन के बाद से कम और धीमी घरेलू औद्योगिक उत्पादन और घटती हुई नौकरी वृद्धि दर की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। सरकार एक सपने के सौदागर की तरह काम कर रही है, जिसे अक्सर भारत की दीर्घकालिक आर्थिक संभावनाओं का पूर्वानुमान लगाने और उस पर ध्यान केंद्रित करने में व्यस्त देखा जाता है।

आयात करके प्रसन्न रहने वाली सरकार की उदार निवेश नीति, विशेष रूप से विनिर्माण में, की अनुपस्थिति में तथाकथित 'मेक-इन-इंडिया' पहल को बहुत कम सफलता मिली, जो विदेशी औद्योगिक निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित कर सकती थी, जैसा कि उन्होंने कई वर्षों तक कम्युनिस्ट चीन में किया था। विदेशी निवेशकों को सरकार के राजनीतिक रंग में कोई दिलचस्पी नहीं है। 2025 के पहले तीन महीनों में, चीन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 36.9अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर था।

पूरे 2024-25 के दौरान भारत में मात्र 0.4अरब डॉलर के एफडीआई प्रवाह के आकलन पर विचार करें। एक साल पहले यह 10.1अरब डॉलर था। गत वर्ष का आंकड़ा शायद देश के वार्षिक एफडीआई प्रवाह रिकॉर्ड में सबसे खराब प्रदर्शन है, जबकि सरकार भारत वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने की बात करती रहती है। भारत के अपने औद्योगिक उद्यमी देश में बहुत कम निवेश कर रहे हैं। इसके बजाय, वे विदेश में निवेश करने में लिप्त हैं सिंगापुर, अमेरिका, यूएई, मॉरीशस और नीदरलैंड ने मिलकर ओवरसीजएफडीआई (ओएफडीआई) में आधे से अधिक की वृद्धि की।

देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए केवल चार प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि मार्च 2024 में दर्ज 5.5 प्रतिशत से कम है। विनिर्माण क्षेत्र में और मंदी का अनुभव हुआ, जो वर्ष के लिए 4.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2023-24 में 12.3 प्रतिशत से काफी कम है। मार्च 2025 में आईआईपी में केवल तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले वित्तीय वर्ष की अप्रैल-अक्तूबर अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादन में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत से कम बनी हुई है। विजुअल कैपिटलिस्ट के अनुसार, चीन के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी 2025 में वैश्विक विनिर्माण उत्पादन का लगभग 29 प्रतिशत होने का अनुमान है। यह वैश्विक विनिर्माण में चीन के महत्वपूर्ण प्रभुत्व को बढ़ाता है, जो संभावित रूप से अमेरिका और उसके सहयोगियों के संयुक्त हिस्से से मेल खाता है या उससे अधिक है। विशेष रूप से, चीन के बारे में अनुमान है कि वह4.8 ट्रिलियन डॉलर का विनिर्माण उत्पादन करता है, जो वैश्विक मूल्य का 29 प्रतिशत है।

दो महीने से भी कम समय पहले, भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि देश अगले दो दशकों में अपने विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 23 प्रतिशत करने की योजना बना रहा है, जिसका उद्देश्य रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को गति देना है। कैलिफोर्निया के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में हूवरइंस्टीट्यूशन में बोलते हुए, वित्त मंत्री ने कहा था कि-भारत जीडीपी में विनिर्माण की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा घटक, चिकित्सा उपकरण, बैटरी और चमड़ा और कपड़ा सहित श्रम-गहन उद्योगों जैसे 14 पहचाने गये उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

हालांकि, इन उद्योगों में से, सेमीकंडक्टर केवल भारत में एक उभरता उद्योग प्रतीत हो सकता है। संयोग से, वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग का वर्तमान स्वरूप लगभग 70 वर्ष पुराना है। पहला व्यावसायिक रूप से उपलब्ध माइक्रो प्रोसेसर, इंटेल 4004, 1971 में जारी किया गया था। भारत को चालू वर्ष के अंत तक विदेशी इक्विटी और तकनीकी नियंत्रण के तहत अपना पहला स्थानीय रूप से उत्पादित सेमीकंडक्टर चिप लॉन्च करने की उम्मीद है। भारत सेमीकंडक्टर का एक प्रमुख आयातक है। इसका स्थानीय अंतिम उपयोग बाजार 2025 में 54 अरब से दोगुना होकर 2030 तक .108 अरब हो जाने का अनुमान है। हाल ही में, सरकार के अत्यधिक उदार निवेश प्रोत्साहनों से घरेलू सेमीकंडक्टर उत्पादन को बढ़ावा देने में विदेशी कंपनियों को मदद मिलने की उम्मीद है।

हाल ही तक, सरकार देश के औद्योगिक और विनिर्माण आधारों को मजबूत करने के बारे में बहुत लापरवाह दिखी। 2014-15 में भी, जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार केंद्र में सत्ता में आयी (26 मई, 2014), तब भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने देश के सकल घरेलू उत्पाद में 16.3 प्रतिशत का योगदान दिया था। जबकि सरकार की बहुचर्चित 'मेक-इन-इंडिया' नीति सितंबर 2014 में शुरू की गयी थी, जिससे इसके हिस्से को तेजी से आगे बढ़ाने की उम्मीद थी, लेकिन बाद में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान मुख्य रूप से कार्यक्रम के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता की कमी और पिछले कुछ वर्षों में अनियंत्रित आयात वृद्धि के कारण कम हो गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि देश की वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर आम तौर पर विनिर्माण क्षेत्र और रोजगार के विकास को प्रतिबिंबित करने में विफल रही है।



## ललित सुरजन की कलम से

### विधानसभा चुनाव : कुछ देखी, कुछ सुनी

*भारतीय जनता पार्टी के तीन मुख्यमंत्री अब भूतपूर्व हो गए हैं। 17 दिसंबर को नए मुख्यमंत्रियों के शपथ ग्रहण का दृश्य हर तरह से सुंदर था कि वसुंधरा राजे, शिवराज सिंह और रमन सिंह तीनों अपने-अपने प्रदेश के समारोह में मंच पर उपस्थित थे। ऐसा शिष्टाचार अनुकरणीय है। लेकिन लगता है कि मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह अपनी हार को नहीं भुला पा रहे हैं। वे इन दिनों लगातार जिस तरह से स्वयं को सुर्खियों में बनाए रखने के यत्न कर रहे हैं उसे देखकर कुछ अच्छा नहीं लगता। शिवराज जी को 'टाइगर अभी जिंदा है' जैसे फिल्मी डायलागों का सहारा क्यों लेना चाहिए। उनके संवाद पर दिग्विजय सिंह का कटाक्ष मारक था कि कांग्रेस सरकार विलुप्तप्राय जीवों के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध है, फिर भले ही बाघ बिना दांत व नाखून का क्यों न हो। हमारा आशय इतना ही है कि हारने के बाद इतना उतावलापन नहीं दिखाना चाहिए।*

**(देशबन्धु में 27 दिसम्बर 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/12/blog-post_26.html

## पावन प्रसंग

### दान वही कर सकता है,जिसमे देने की भावना होती हो

मानव को दान देने की भावना प्रकृति से प्राप्त हुई। सागर बादलों के माध्यम से पृथ्वी को जल का दान करता है, वह बूंद-बंद के रूप में देता है तो नदियां उसे पुन: अथाह जलराशि के रूप में लौटाती हैं। किसान धरती में एक मुट्ठी अनाज समर्पित करता है तो धरती उसे लहलहाती फसल लौटाती है। माली धरती की गोद में एक आम की गुठली डालता है. धरती उसे वृक्ष के रूप में जन्म देकर वर्षों तक हजारों-लाखों आम देकर उसके मन को आनन्दमय बना देती है। दान वही कर सकता है, जिसमें देने की भावना होती है। यदि भावना ही नहीं है तो आपके पास भले ही लाखों-करोड़ों की धन-सम्पत्ति हो, वह समाज हित में बाहर निकल नहीं सकती।

आज दान भी प्रदर्शन एवं यश कीर्ति को बढ़ाने का एक माध्यम हो गया है। शिलालेखों पर नाम लिखाने का शौक भी दानदाताओं को प्रेरणा देने लगा है। इन सबके बावजूद शास्त्रकारों ने गुप्तदान की महत्ता प्रदर्शित करते हुए कहा है कि दान वही सर्वोत्तम है जो दायें हाथ से दिया जाय और बायें हाथ को भी उसका पता न चले। दान, दान के लिए है तो वह अधिक फलदायी होगा। यदि सम्मान के लिए दान दिया है तो उसका फल आपको सम्मान प्राप्त होते ही मिल जाता है। दान का फल यदि इसी उम्र में पाना चाहते हो तो उसका प्रदर्शन कर दो और यदि अगले जन्म में लाभ उठाने की भावना है तो उसे गुप्त ही रखो। किसी पर अहसान जता कर दिया गया दान कभी फलप्रद नहीं होता है, अत: दानी को चाहिए कि वह दान लेने वालों का भी यथोचित सम्मान करते हुए दान दे। समाज-सेवक सामाजिक कार्यों के लिए बड़े-बड़े सेठों के पास पहुंच कर अपनी योजना बताते हैं कि आप संस्था को इतना दान देंगे तो आपका नाम प्रमुख दानदाताओं में होगा। इससे अधिक देंगे तो आपका समाज की ओर से सम्मान कराया जायेगा। आपको प्रशस्ति पत्र देकर दानवीर की उपाधि से अलंकृत किया जायेगा। यह बात सुनकर दानीजन मुस्कराते हुए जी खोलकर दान के नाम पर लाखों रुपये दे देते हैं। कुछ सोचते हैं आखिर हम समाज के भले के लिए दे रहे हैं। अपने हाथों से दे रहे हैं। हमारे पास है इसलिए दे रहे हैं। आयकर वाले, वाणिज्य-कर वाले हर वर्ष हजारों रुपये रिश्वत के रूप में ले जाते हैं। उन्हें मजबूरी में देना पड़ता है और उसे दान के खाते में लिखना पड़ता है।

अपना स्थान ऊंचा बनायें-अपने थोड़े-से स्वार्थ के लिए अफसरों का रुपयों से मुख बन्द करने वालों को चाहिए कि वे प्रामाणिकता से धन का अर्जन करें। इससे न राजभय होगा और न चोरों का भय। जो अपने पास वर्ष-भर खाने एवं खर्च करने के बाद बचता है तो उसका अधिक न सही, कम-से-कम दसमांश का दान समाज और मानव-हित के लिए अवश्य करें। दानी का स्थान सदैव ऊंचा ही रहता है। समुद्र के पास चाहे कितना ही जल क्यों न हो, वह नीचा ही रहता है और बादल जो कि अपने पास जितना जल है, वह देता है, अत: देने के कारण उसका स्थान सदैव ऊंचा होता है। आप भी अपना स्थान ऊँचा बनायें। इसी में आपका और मानवता का कल्याण है।

**-कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

### मिलावट : मुंह में नहीं, ज़मीर में घुला ज़हर

मिलावट शब्द सुनते ही ज़हन में नकली दूध, पत्थर मिला चावल, गेंहू, चायपत्ती में रंग, और मसालों में धूल की तस्वीरें दौड़ जाती हैं। पर ये तस्वीरें सिर्फ़ पेट तक सीमित नहीं हैं। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, ज़मीर और व्यवस्था में हो रही है। बाज़ार में बिकने वाले हर उत्पाद के साथ-साथ हमारी संवेदनाएं, ईमानदारी और नैतिकता भी धीरे-धीरे प्रदूषित हो रही हैं और मज़े की बात देखिए — इस मिलावट को हमने इतना आम मान लिया है कि अब जब असली चीज़ सामने आती है, तो हमें शक होने लगता है।

चावल में पत्थर मिलना अब कोई आश्चर्य की बात नहीं है। दाल में कंकड़, मटर में रंग, नमक में पाउडर और घी में मोम — ये सब जैसे अब जीवन के स्थायी सदस्य हो गए हैं। दुकानदारों से लेकर बड़े-बड़े ब्रांड्स तक, मुनाफे की अंधी दौड़ में सब शामिल हैं। हर कोई चाहता है कम लागत में ज़्यादा मुनाफा, और इसका सबसे आसान तरीका है — मिलावट। नीयत में मिलावट, नफे में धोखा, और ग्राहक की सेहत की बलि।

गांव की गलियों से लेकर शहर के शोर तक, हर ओर वही अफ़सोसनाक कहानी है। अचार में पड़ी लाल मिर्च चमकती है, लेकिन असल में वह रंग ऐसा होता है जो कपड़े रंगने के लिए होता है। दूध में जो झाग है, वह डेयरी की ताजगी नहीं बल्कि डिटर्जेंट का कमाल है। और सब्ज़ियों पर जो हरियाली दिखती है, वह प्रकृति की नहीं, रसायनों की देन है। हम जो खाते हैं, वह शरीर में नहीं, धीरे-धीरे हमारी आत्मा में ज़हर घोल रहा है।

एक समय था जब किसी के घर से दूध, घी या अनाज आता था तो उसे आंख मूंदकर स्वीकार कर लिया जाता था। आज तो रिश्तेदार की लाई हुई मिठाई को भी जांचने की ज़रूरत है — कहीं वह मिलावटी न हो। बाज़ार में 'शुद्धता' अब सिर्फ एक ब्रांडिंग टूल है, हकीकत से उसका कोई लेना-देना नहीं। '100प्रतिशत शुद्ध' लिख देने से चीज़ें शुद्ध नहीं हो जातीं, लेकिन उपभोक्ता की आंखों पर ऐसी पट्टी बंध चुकी है कि वह सोचता भी नहीं।

मिलावट सिर्फ खाने-पीने तक सीमित नहीं है। भावनाओं में मिलावट, रिश्तों में स्वार्थ की मिलावट, इबादतों में दिखावे की मिलावट और सबसे खतरनाक— राजनीति में विचारधाराओं की मिलावट। पहले लोग विचारों के लिए जिए और मरे, अब विचार तो 'पैकेज' में आते हैं। आजकल 'सेक्युलर' और 'राष्ट्रवादी' दोनों को एक ही विज्ञापन में बेचा जा सकता है — बस प्रचार सही हो। कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ — इसका निर्णय अब ट्रोल आर्मी करती है, न कि तर्क और विवेक।

कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि मिलावट अब हमारी पहचान बन गई है। चुनावी घोषणाओं में वादों की मिलावट, अखबारों में खबरों की मिलावट, सोशल मीडिया पर तथ्यों की मिलावट — हर तरफ़ से हमें मिलावटी दुनिया ही घेर रही है और जब कोई सच्चाई से बोलता है, तो वो या तो 'एंटी-नेशनल' कहलाता है या 'पेड' एजेंडा वाला। यही है असली त्रासदी।

दूसरी ओर, मुनाफाखोरी की भूख भी रुकने का नाम नहीं ले रही। व्यापारी जानता है कि अगर वह मूँगफली में 5त्न पत्थर मिला देगा, तो साल के अंत में लाखों का फायदा होगा। कंपनियाँ जानती हैं कि अगर थोड़ा-बहुत पाउडर रंग मिला दें तो ग्राहकों को च्च्फ्रेशज्ज लगेगा। और उपभोक्ता को ये सब पता होते हुए भी, वह मजबूर है — क्योंकि विकल्प कम हैं और सच्चाई महंगी है।

**प्रियंका सौरभ**

# खेल जगत

## इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी करना चाहते हैं अर्शदीप सिंह

**नई दिल्ली।** भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह आगामी सीरीज में अपने संभावित टेस्ट डेब्यू पर नजर गड़ाए हैं। अर्शदीप सिंह टेस्ट टीम में मौका मिलने पर घरेलू बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। 'काउंटी चैंपियनशिप' में केंट की ओर से खेलने वाले अर्शदीप को इस टेस्ट सीरीज के दौरान मौका मिलने की संभावना है। इसकी वजह यह है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सभी पांच टेस्ट नहीं खेलेंगे। व्हाइट बॉल क्रिकेट में अपना दबदबा दिखा चुके 26 वर्षीय अर्शदीप अब लाल गेंद का अनुभव लेना चाहते हैं। अर्शदीप सिंह ने बीसीसीआई टीवी से कहा, 'आज के ट्रेनिंग सेशन के लिए, मेरी एकमात्र प्रेरणा लय को महसूस करना था।




## अरिजीत जर्मनी में चार देशों के जू हॉकी टूर्नामेंट में भारत के कप्तान होंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 10 जून (देशबन्धु)। करीब साढ़े छह फुट लंबे सबसे देश के लंबे नौजवान स्ट्राइकर अरिजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन (जर्मनी) में 21 से 25 जून तक होने वाले आगामी चार देशों के जूनियर हॉकी टूर्नामेंट में शिरकत करेगी। चार देशों के इस

### भारत जू टीम जर्मनी, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी

जूनियर टूर्नामेंट में मेजबान जर्मनी, भारत, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया की टीमें शिरकत करेगी। टूर्नामेंट के प्रारूप के मुताबिक सभी चारों टीमें एक ही राउंड के पूल में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगी और शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी और तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें स्थान निर्धारण मैच खेलेगी। चार देशों का यह जूनियर हॉकी टूर्नामेंट भारत के 2025 में ननै मे 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए तैयारी का मंच साबित होगा। भारत के पास कप्तान अरिजीत हुंडल, गुरजोत सिंह ,सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह , अर्शदीप सिंह के रूप में ऐसी अग्रिम पंक्ति है जिसके पास धार के साथ रफ्तार भी है।

भारत की जूनियर टीम के कप्तान के रूप में अरिजीत हुंडल ने बतौर स्ट्राइकर अपनी धार से बहुत प्रभावित किया है जबकि उप कप्तान आमिर अली बतौर फुलबैक टीम के रक्षण की अहम कड़ी हैं। चार देशों के जूनियर टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम है :

**गोलरक्षक :** बिक्रमजीत सिह, विवेक लाकरा।



**रक्षापंक्ति :** आमिर अली (उपकप्तान), तलेम प्रियब्रत, शारदा नंद तिवारी। सुपील पीबी, अनमोल एक्का रोहित, रवनीत सिंह, सुखविंदर।

**मध्यपंक्ति :** अंकित पाल, रोशन कुजूर, रोहित कुल्लू, थुनाओ जम इंगलेम्बा लुआंग, अद्रोइत एक्का, जीत पाल।

**अग्रिम पंक्ति:** अरिजित सिंह हुंडल (कप्तान), गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह अजीत यादव।

### चार देशों के जूनियर टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम हैः-

**गोलरक्षक :** बिक्रमजीत सिह, विवेक लाकरा। रक्षा पंक्तिः

**रक्षापंक्ति :** आमिर अली( उपकप्तान), तलेम प्रियब्रत, शारदा नंद तिवारी। सुपील पीबी, अनमोल एक्का रोहित , रवनीत सिंह, सुखविंदर।

**मध्य पंक्ति :** अंकित पाल, रोशन कुजूर, रोहित कुल्लू, थुनाओ जम इंगलेम्बा लुआंग, अद्रोइत एक्का, जीत पाल।

**अग्रिम पंक्तिः** अरिजित सिंह हुंडल (कप्तान), गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह अजीत यादव

साथ ही जी आदर्श (गोलरक्षक), प्रशांत बारला (फुलबैक), चंदन यादव (मिडफील्डर) और मोहम्मद कुनैन दाद (स्ट्राइकर) के रूप में चार खिलाड़ियों को बतौर स्टैंडबाय चुना गया है।

## अर्जेंटीना के खिलाफ खेलने के लिए पूरी तरह हैं तैयारः हरमनप्रीत




**एम्स्टर्डम।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय लीग की शुरुआत में नीदरलैंड से मिली हार को भूलकार अर्जेंटीना के खिलाफ चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आगामी मैचों से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'हम अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले मैचों में आने वाली चुनौतियों से वाकिफ हैं। टीम हर दिन कड़ा अभ्यास कर रही है और हमें अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा है। अर्जेंटीना एक मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई भी मैच आसान नहीं होता।'

हरमनप्रीत ने कहा, 'हम किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। हमने इस टूर्नामेंट के लिए अच्छी तैयारी की है और लीड-अप में विभिन्न संयोजनों और रणनीतियों को आजमाया है। हमें अर्जेंटीना के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करने का भरोसा है।' उन्होंने कहा, 'टीम का अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड रहा है, लेकिन हम किसी भी चीज़ को हल्के में नहीं ले रहे हैं। वे परिणाम अतीत की बात हैं। हमें विश्वकप क्वालीफिकेशन के लिए वर्तमान में अच्छे प्रदर्शन करने की जरुरत है। टीम कड़ा अभ्यास कर रही है और कोचिंग स्टाफ हमें बहुत प्रोत्साहित कर रहा है। मुझे भरोसा है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।' उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों में दोनों टीमों के बीच हुई भिड़त में अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। पेरिस 2024 ओलंपिक में दोनों टीमों के बीच खेला गया रोमांचक ड्रॉ रहा था। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया। भारत को दूसरी जीत शूटआउट में मिली थी।

## निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 की उम्र में लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। पूरन के अचानक लिए गए इस फैसले ने उनके फैंस को हैरान कर दिया है। आईसीसी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की है। कुछ दिनों पहले ही साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने की घोषणा की थी, जिसके बाद एक और मशहूर विकेटकीपर-बल्लेबाज का संन्यास क्रिकेट प्रेमियों को चौंका गया। 29 वर्षीय निकोलस पूरन ने संन्यास का ऐलान करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने काफी सोचने और विचार-विमर्श करने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है। यह खेल जिससे हम प्यार करते हैं, उसने बहुत कुछ दिया है और देता रहेगा। मैरून जर्सी पहनना, एंथम के लिए खड़े होना, और हर बार मैदान पर उतरते समय अपना सब कुछ देना... इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है कि इसका मेरे लिए क्या मतलब है। टीम का कप्तान होना एक ऐसा सौभाग्य है, जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा। उन्होंने आगे लिखा, फैंस के लिए- आपके अटूट प्यार के लिए धन्यवाद। आपने मुश्किल पलों में मुझे संभाला और



बेहतरीन जुनून के साथ अच्छे पलों का जश्न मनाया। अपने परिवार, दोस्तों और टीम के साथियों के लिए मैं कहना चाहूंगा कि मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद। आपके विश्वास और समर्थन ने मुझे इन सब के जरिए आगे बढ़ाया। निकोलस पूरन ने 2014 के अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया था, जिसके दो साल बाद उन्हें टी20आई फॉर्मेट में सीनियर टीम की ओर से इंटरनेशनल डेब्यू करने का मौका मिला। इसके बाद 2018 में पूरन ने वनडे फॉर्मेट में डेब्यू किया। शानदार प्रदर्शन को देखते हुए बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को विश्व कप 2019 के लिए टीम में मौका मिला। साल 2021 में पूरन पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के लिए कैरेबियन टीम के उप-कप्तान बने और साल 2022 में दोनों 'व्हाइट बॉल फॉर्मेट' में कप्तानी की बागडोर संभाली।

## बेंगलुरु भगदड़ मामला : कर्नाटक हाई कोर्ट ने सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करने का दिया आदेश

**कर्नाटक,** 10 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार (10 जून) को राज्य को बेंगलुरु भगदड़ मामले में सीलबंद लिफाफे में अपना जवाब पेश करने की अनुमति दे दी। इस मामले में अगली सुनवाई 12 जून को होगी। कोर्ट ने इस हादसे का स्वत: संज्ञान लिया था। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार जून को रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने आए फैंस के बीच भगदड़ मची थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई। इस मामले पर अगले दिन हाई कोर्ट स्वत- संज्ञान लिया था। अदालत इस हादसे के पीछे की वजह का पता लगाना चाहती है। अदालत जानना चाहती है कि क्या इस हादसे को रोका जा सकता था और भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए क्या



उपाय किए जाने चाहिए। मंगलवार को सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति सीएम जोशी की खंडपीठ के समक्ष बताया कि उन्होंने जवाब दाखिल नहीं किया है।

शशि किरण शेट्टी ने कहा, 'न्यायिक आयोग का गठन किया गया है और रिपोर्ट देने के लिए एक महीने का समय दिया गया है। पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। लंबित जमानत याचिकाओं में, जो कुछ भी यहां कहा जाता है, उसका इस्तेमाल वहां आरोपी कर रहे हैं।' हाई कोर्ट ने पूछा, 'क्या आप यह कह रहे हैं कि आप हमारे निर्देशों का जवाब नहीं देंगे? इस पर महाधिवक्ता ने कहा, 'कृपया इसे कल रखें, हम जवाब दाखिल करेंगे। कुछ चीजें हैं।

हाई कोर्ट ने जवाब दाखिल करने में कठिनाई की वजह पूछी, जिस पर महाधिवक्ता ने कहा, 'मैं खुली अदालत में नहीं रखना चाहता, हम पूर्वाग्रह से ग्रसित हो जाएंगे। स्वतंत्र जांच की रिपोर्ट आने दें और ऐसा नहीं होना चाहिए कि हम पक्षपाती हैं। यह केवल एक महीने का मामला है।' हाई कोर्ट ने एडवोकेट जनरल को आदेश दिया कि वह अपना जवाब सीलबंद लिफाफे में दाखिल करें। एडवोकेट जनरल शशि किरण शेट्टी ने कोर्ट से स्वतंत्र जांच की रिपोर्ट आने तक इंतजार करने की अपील की है।

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप

## ऑस्ट्रेलिया ने की फाइनल के लिए अपनी प्लेइंग-11 की घोषणा

लंदन, 10 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। यह मुकाबला बुधवार से लॉर्ड्स के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला जाएगा। कप्तान पैट कमिंस ने ओपनिंग के लिए मार्नस लाबुशेन को उस्मान ख्वाजा के साथ चुना है। कमिंस को उम्मीद है कि 30 साल के लाबुशेन डेविड वॉर्नर की जगह लंबे समय तक ओपनिंग कर सकते हैं।

हालांकि, लाबुशेन ने टेस्ट क्रिकेट में कभी ओपनिंग नहीं की है। दिसंबर 2022 के बाद से उनके नाम सिर्फ एक टेस्ट शतक है, और इस महीने की शुरुआत में काउंटी टीम ग्लैमॉर्गन के लिए खेले गए दो मैचों में भी वे कुछ खास नहीं कर पाए थे। वहीं, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने स्कॉट बोलैंड को पछाड़कर तेज गेंदबाजी आक्रमण में मिचेल स्टार्क और कमिंस का साथ देने की जगह बनाई है। बताया जा रहा




■ कप्तान पैट कमिंस ने ओपनिंग के लिए मार्नस लाबुशेन को उस्मान ख्वाजा के साथ चुना

है कि इस फैसले पर काफी सोच-विचार किया गया था। हेजलवुड ने दिसंबर में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद से कोई लाल गेंद का मैच नहीं खेला है। वहीं, बोलैंड ने उस सीरीज के बाकी मैचों में ऑस्ट्रेलिया की टीम में जगह बनाई थी और सिडनी में सीरीज के आखिरी मैच में 10 विकेट लेकर प्रभावित किया था। इस बीच, हेजलवुड ने पिछले हफ्ते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ आईपीएल जीता और 4 जून की रात को ही लंदन पहुंचे।

ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को भी टीम में जगह मिली है। उनके साथ कैमरून ग्रीन भी खेलेंगे, जो अक्टूबर 2024 के बाद अपना पहला टेस्ट खेल रहे हैं। ग्रीन को पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ था और उन्होंने अक्टूबर में सर्जरी कराने का फैसला किया था। अब वह एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर खेल रहे हैं और ग्लॉस्टरशायर के साथ अपने काउंटी कार्यकाल के दौरान तीन शतक लगाकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में उतर रहे हैं।

**ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवनः उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड**

## इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज मुकाबला अहम

### सम्मान की लड़ाई लड़ेगी वेस्टइंडीज, क्लीन स्वीप इंग्लैंड का मकसद

**नई दिल्ली**, 10 जून (एजेंसियां)। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच 10 जून को साउथैम्प्टन में तीसरा टी20 मैच खेला जाना है। ये मुकाबला भारतीय समय के अनुसार रात 11 बजे से होगा। इंग्लैंड की टीम शुरुआती दोनों मैच जीतकर तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना चुकी है। ऐसे में अब वेस्टइंडीज के लिए यह मुकाबला 'सम्मान की लड़ाई' है। साउथैम्प्टन के द रोज बाउल स्टेडियम की पिच पर स्कोर डिफेंड करना एक मुश्किल काम है। पिच बल्लेबाजों के साथ गेंदबाजों के लिए मददगार रही है। यहां जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है, स्पिनर्स अपना दबदबा बनाना शुरू कर देते हैं। इस पिच पर साल 2013 में ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 मुकाबले के दौरान 248/6 का स्कोर बना चुकी है। न्यूनतम स्कोर (79 रन) का रिकॉर्ड भी ऑस्ट्रेलिया के ही नाम है। ये मैच जून 2005 में खेला गया था।

साउथैम्प्टन में मंगलवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम



तापमान 11 डिग्री सेल्सियस बने रहने का अनुमान है। इस दिन बारिश की आशंका 40 प्रतिशत बताई जा रही है। मुकाबले के समय हल्की बारिश हो सकती है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टी20 क्रिकेट के आंकड़ों को देखें, तो दोनों टीमें 37 बार आमने-सामने रही हैं। इस दौरान 18 मुकाबले इंग्लैंड ने अपने पक्ष में किए, जबकि वेस्टइंडीज ने इतने ही मैच अपने नाम किए। एक मैच बेनतीजा भी रहा है।

इस मुकाबले में जोस बटलर और जैकब बेथेल इंग्लैंड की बल्लेबाजी को मजबूती देते नजर आ सकते हैं । आदिल राशिद और साकिब महमूद वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। बात वेस्टइंडीज की करें, तो जॉनसन चार्ल्स, शाई होप, रॉवमैन पॉवेल बल्लेबाजी को मजबूत बना सकते हैं। इनके अलावा अल्जारी जोसेफ और जेडेन सील्स इंग्लैंड को बल्लेबाजों को परेशान करते नजर आ सकते हैं।

**वेस्टइंडीजः** एविन लुईस, जॉनसन चार्ल्स, शाई होप (विकेट कीपर/कप्तान), शेरफेन रदरफोर्ड, रोवमैन पॉवेल, रोमारियो शेफर्ड, जेसन होल्डर, रोस्टन चेस, अकील होसेन, गुडाकेश मोटी, अल्जारी जोसेफ, मैथ्यू फोर्ड, ब्रैंडन किंग, शिमरोन हेटमायर, आंद्रे रसेल।

**इंग्लैंडः** जेमी स्मिथ, बेन डकेट, जोस बटलर (विकेट कीपर), हैरी ब्रूक (कप्तान), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, विल जैक्स, ब्रायडन कार्स, लियाम डॉसन, आदिल राशिद, ल्यूक वुड, साकिब महमूद, मैथ्यू पॉट्स, रेहान अहमद।

## पीबीजी पुणे जगुआर से जयपुर पैट्रियट्स का सामना, प्लेऑफ की दौड़ रोमांचक

**अहमदाबाद,** 10 जून (एजेंसियां)। अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन 6 में बुधवार को जयपुर पैट्रियट्स और पीबीजी पुणे जगुआर के बीच मुकाबला खेला जाना है। जयपुर पैट्रियट्स प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर है, जबकि पीबीजी पुणे जगुआर की टीम इस वक्त सातवें स्थान पर है। दोनों टीमों के लिए इस मुकाबले को जीतना बेहद जरूरी है। जयपुर पैट्रियट्स लगातार तीन मैच जीतकर इस मुकाबले में उतरने जा रही है। 32 गेम पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर चल रही पैट्रियट्स यूटीटी लीग चरण में सिर्फ एक मैच शेष रहने के साथ प्लेऑफ में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए उत्सुक होगी। दूसरी ओर, पुणे 28 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है और अगर उसे टॉप-4 की रेस में बने रहना है, तो लगातार तीसरी हार से बचना होगा।

यूटीटी सीजन 6

पैट्रियट्स ने जीत का सिलसिला कायम कर लिया है। श्रीजा अकुला ने अपने सभी चार सिंगल्स मैच जीते हैं और महिलाओं में तीसरी सबसे अधिक फोरहैंड जीत प्रतिशत (67



प्रतिशत) हासिल किए हैं। कनक झा, ब्रिट इरलैंड और जीत चंद्रा ने अपने पिछले दो या उससे अधिक एकल मैच जीते हैं। यह बताता है कि जयपुर ने सही समय पर लय बनाई है। हालांकि, सवाल मिक्स्ड डबल्स को लेकर है, जहां उन्होंने मल्टीपल कॉम्बिनेशन को आजमाने के बावजूद चार मैचों में से केवल एक में जीत हासिल की है।

पुणे का अभियान तेज उतार-चढ़ाव के बीच रहा है। रीथ रिश्या और अनिर्बान घोष टीम के लिए लगातार शानदार योगदान देने वाले रहे हैं।

## सार संक्षेप

### यॉर्कशायर के लिए खेलेंगे रुतुराज गायकवाड़

**लंदन।** राणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रहे रुतुराज गायकवाड़ काउंटी क्लब यॉर्कशायर के लिए क्रिकेट खेलेंगे। रुतुराज गायकवाड़ ने यार्कशायर के साथ खेलने के लिए अनुबंध किया है। वह सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और चेतेश्वर पुजारा के बाद चौथे भारतीय बल्लेबाज है जो कि यॉर्कशायर की ओर से काउंटी खेलने वाले है। रुतुराज जुलाई में सरे के खिलाफ रोथसे काउंटी चैम्पियनशिप से पहले यॉर्कशायर टीम से जुड़ेंगे। 28 वर्षीय गायकवाड़ ने भारत के लिए छह एकदिवसीय और 23 टी-20 मैच खेले हैं और वर्तमान में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारत ए टीम का हिस्सा हैं। उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में औसत 41.77 है, जिसमें सात शतक शामिल हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में 16 शतकों के साथ उनका औसत 56.15 रहा है। गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने को लेकर कहा, 'मैं इंग्लैंड के बाकी घरेलू सत्र के लिए यॉर्कशायर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। इस देश में क्रिकेट का अनुभव करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है और इंग्लैंड में यॉर्कशायर से बड़ा कोई क्लब नहीं है। मुझे पता है कि मैं सत्र के महत्वपूर्ण हिस्से में शानदार प्रदर्शन करना है।'

### कपिल देव ने राज्यपाल सिंह से की शिष्टाचार भेंट

**नैनीताल।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पहला विश्व कप दिलाने वाले दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव ने मंगलवार को नैनीताल राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह से शिष्टाचार भेंट की। बताया जाता है कि कपिलदेव ने श्री सिंह से विभिन्न मसलों पर भी चर्चा की। कपिल देव से श्री सिंह के मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बतायी गयी। इस मौके पर कपिल देव ने देवभूमि उत्तराखंड की दिल खोलकर प्रशंसा की। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि देवभूमि पर्यटकों एवं सैलानियों के लिए स्वर्ग है। यहां शीतल और विशुद्ध आबोहवा के साथ हरे-भरे मैदान और खूबसूरत पहाड़ियाँ हैं। ऐसा लगता है मानो प्रकृति ने यहाँ दिल खोलकर अनुपम छटा बिखेरी है। उन्होंने आगे कहा कि नैनीताल बेहद खूबसूरत पर्यटन स्थल है, जिसकी खूबसूरती का जितना भी बखान किया जाए वह कम है। महामहिम ने कपिल देव से पुनः देवभूमि आने का आग्रह किया।

### बेंगलुरु भगदड़ मामला : हाई कोर्ट ने सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करने का दिया आदेश

**कर्नाटक।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार (10 जून) को राज्य को बेंगलुरु भगदड़ मामले में सीलबंद लिफाफे में अपना जवाब पेश करने की अनुमति दे दी। इस मामले में अगली सुनवाई 12 जून को होगी। कोर्ट ने इस हादसे का स्वतः संज्ञान लिया था। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार जून को रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने आए फैंस के बीच भगदड़ मची थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई। इस मामले पर अगले दिन हाई कोर्ट स्वत- संज्ञान लिया था।

## दीपिका पादुकोण देशभर में खोलेंगी 'पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन' के 75 नए सेंटर

**मुंबई,** 10 जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जितनी बेहतरीन एक्ट्रेस हैं, उतनी ही अच्छी बैडमिंटन प्लेयर रह चुकी हैं। बता दें कि वह नेशनल लेवल पर बैडमिंटन खेल चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वह बचपन से ही बैडमिंटन खेलते हुए बड़ी हुई हैं। इस खेल ने उनकी ज़िंदगी को नया आकार दिया है। ऐसे में वह चाहती हैं कि और लोग भी इस खेल से जुड़ें, इसके लिए उन्होंने पूरे देश में 'पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन' के 75 नए सेंटर खोलने का लक्ष्य रखा है।

दीपिका पादुकोण ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह अपने पापा प्रकाश पादुकोण के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। उनके पापा बैडमिंटन के जाने-माने खिलाड़ी रह

**'मैंने बचपन में बैडमिंटन खेला है, और मैंने खुद महसूस किया है कि यह खेल इंसान की जिंदगी को कई तरीकों से बदल सकता है, शारीरिक, मानसिक और भावनाओं से भीः दीपिका पादुकोण, बॉलीवुड एक्ट्रेस**

चुके हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, 'मैंने बचपन में बैडमिंटन खेला है, और मैंने खुद महसूस किया है कि यह खेल इंसान की जिंदगी को कई तरीकों से बदल सकता है, शारीरिक, मानसिक और भावनाओं से भी।' दीपिका ने बताया कि 'पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन' (पीएसबी) के 75 नए सेंटर देशभर में खोले जा रहे हैं। पीएसबी के जरिए



हम चाहते हैं कि बैडमिंटन की खुशी और अनुशासन हर क्षेत्र के लोगों तक पहुंचे। हमारा मकसद है कि एक ऐसी पीढ़ी तैयार हो, जो सेहतमंद हो, ध्यान से काम करे और खेलों से प्रेरित हो।' प्रेस नोट में लिखा, 'पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन (पीएसबी), जिसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण ने की है और इसे उनके पिता व पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण मार्गदर्शन दे रहे हैं, ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पीएसबी अपने पहले ही साल में भारत के 18 शहरों में 75 से ज्यादा कोचिंग सेंटर्स शुरू करने जा रहा है।' इन शहरों में बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, जयपुर, पुणे, नासिक, मैसूर, पानीपत, देहरादून, उदयपुर, कोयंबटूर, सांगली और सूरत जैसे शहर शामिल हैं।

प्रेस नोट में आगे कहा गया, 'बैडमिंटन फॉर ऑल' के मिशन के साथ, पीएसबी का लक्ष्य है कि साल के अंत तक 100 सेंटर्स और अगले तीन सालों में 250 सेंटर्स तक पहुंचा जाए।'

नोट में आगे कहा गया, 'अकादमी का मकसद है कि अच्छी और किफायती बैडमिंटन कोचिंग हर किसी को मिल सके, चाहे वह किसी भी उम्र का हो।' 'प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में बनाई गई कोचिंग पद्धति के जरिए, यह संस्था देश भर के स्कूल के बच्चों और कामकाजी लोगों को बैडमिंटन से जोड़ना चाहती है। साथ ही, यह उन लोगों को भी मदद देना चाहती है जो बैडमिंटन कोच बनना चाहते हैं, ताकि उन्हें अच्छी ट्रेनिंग और एक स्थिर करियर मिल सके।' नोट में आगे लिखा गया, 'पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन' स्कूलों, संस्थाओं और पहले से मौजूद स्पोर्ट्स वेन्यू के साथ मिलकर छोटे-छोटे ट्रेनिंग सेंटर शुरू करता है। इन सेंटर्स से चुने गए अच्छे खिलाड़ी बेंगलुरु में मौजूद इसके तीन बड़े हाई-परफॉर्मेंस सेंटर्स में एडवांस ट्रेनिंग के लिए भेजे जाते हैं।'

## सार-समाचार

### पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव

**रायसेन, देशबन्धु।** संचालनालय तकनीकी शिक्षा भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 10 से 15 जून तक प्रथम चरण की कॉउसलिंग उपरांत आवंटित सीटों पर प्रवेश हेतु प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रवेशोत्सव की कार्यवाही अंतर्गत संस्था में प्रवेश लेने हेतु आने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया जाएगा। प्रवेश संबंधी कार्यवाही के सुचारू संचालन हेतु संस्था के कॉउसलिंग प्रभारी एवं नोडल अधिकारी सर्वदीप भूमरकर व्याख्याता इलेक्ट्रीकल इंजी. बनाया जाकर डॉ. दीपा इन्द्रवाल एवं अखिलेश कुमार की टीम गठित की गयी है। जो विद्यार्थियों को प्रवेश संबंधी कार्यवाही में आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। प्रवेश के समय विद्यार्थियों को आवष्यक दस्तावेज जैसे 10वी की अंकसूची, मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं संस्था की फीस सहित संस्था में उपस्थित होना है। संस्था प्राचार्य डॉ एसपी कोरी ने बताया कि प्रवेषोत्सव का उद्देश्य प्रवेश लेने हेतु आने वाले विद्यार्थियों में उत्साह बढ़ाने के साथ ही साथ अन्य विद्यार्थियों को समय से प्रवेष लेने हेतु प्रेरित करना है।

### वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर परिवहन करते पाए जाने पर 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**रायसेन, देशबन्धु।** मुख्य वनसंरक्षक भोपाल वृत्त भोपाल राजेश कुमार खरे के निर्देशन में वन मण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल रायसेन प्रतिभा शुक्ला के मार्गदर्शन में गत दिनों परिक्षेत्र रायसेन पूर्व की बीट बड़ौदा-सांचेत के वन कक्ष क्रमांक आरएफ 386 में रात्रि में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर मिट्टी का ट्रैक्टर-ट्राली से परिवहन करते हुए पाए जाने पर तीन ट्रैक्टर-ट्राली मय वनोपज के जप्त की गईं। साथ ही मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धाराओं के तहत वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में एसडीओ रायसेन सुधीर पटले, वन परिक्षेत्र अधिकारी रायसेन पूर्व प्रवेश पाटीदार सहित अन्य वनकर्मियों का विशेष योगदान रहा।

### शहरवासियों को नई सौगात, मारुति कार शोरूम का हुआ शुभारंभ



**बाड़ी, देशबन्धु।** शहर वैसे तो राजनीतिक दृष्टिकोण से समृद्ध और धनी हैं अब भौतिक संसाधनों का भी बाजार सज गया। यहां पर मोटरसाइकिल शोरूम, ट्रैक्टर शोरूम के बाद आज भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश सहसंयोजक नगरी निकाय के सदस्य सरदार जोधा सिंह अटवाल की उपस्थिति में सत्यसांई मोटर कार के शोरूम का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्यजन व कंपनी के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### बीजीय मसाला फसलों के लिए दिया जा रहा अनुदान

**रायसेन, देशबन्धु।** उद्यानिकी तथा खादय प्रसंस्करण विभाग मप्र द्वारा राज्य पोषित अंतर्गत मसाला क्षेत्र विस्तार योजना वर्ष 2025-26 हेतु रायसेन जिले के लिए भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त हुए है। रायसेन जिले में राज्य पोषित मसाला क्षेत्र विस्तार योजना बीजीय मसाला फसलों के लिए निर्धारित लक्ष्य अनुसार सामान्य लक्ष्य 140 हैक्टेयर, अनुसूचित जनजाति हेतु लक्ष्य 12 हैक्टेयर और अनुसूचित जाति हेतु लक्षय 30 हैटयेर निधारित किया गया है। इस प्रकार रायसेन जिले के लिए कुल 182 लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के तहत प्रति हेक्टर सामान्य वर्ग हेतु 10000 रू तथा अजजा/अजा वर्ग हेतु 14000 रू अनुदान/बीज एवं आदान सामग्री देय करने का प्रावधान है।

आवास, अतिक्रमण, खाद्यान्न पात्रता पर्ची के आए आवेदन

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं का किया निराकरण



**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में प्रति मंगलवार की भांति आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकृत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जनसुनवाई में उपस्थित एसडीएम, जनपद सीईओ तथा सीएमओ को निर्देश दिए कि विकासखण्ड स्तर पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का गंभीरतापूर्वक शीघ्र निराकरण किया जाए।

जनसुनवाई में प्राप्त अधिकांश आवेदन पीएम आवास, अतिक्रमण, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, आर्थिक सहायता, विद्युत सहित योजनाओं के लाभ से संबंधित थे। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओअंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर्स सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई में शामिल हुए।

## बढ़ते तापमान का असर वन्यजीवों पर भी



**सांची, देशबन्धु।** इन दिनों लगातार बढ़ते तापमान का असर केवल लोगों पर ही नहीं बल्कि वन्यजीव जो मानवजाति से दूरी बनाकर घने जंगलों पहाड़ों की गोद में अपना जीवन यापन करते हैं उन पर भी पड़ रहा है। वह भी इस बढ़ते तापमान का खामियाजा भुगत रहे हैं। वह पानी की तलाश में यहां वहां आबादी के पास पहुंच जाते है। इन दिनों तापमान का यह हाल है कि जैसे आसमान आग बरस रही हो। यही कारण है कि अब लोग अपने घरों में कैद होकर कूलरों पंखों का सहारा ले रहे हैं परन्तु यह तापमान से न केवल मानव जीवन खतरे में पड़ता दिख रहा है बल्कि खतरा वनप्राणियों पर भी मंडराता दिखाई दे रहा है जबकि वनप्राणियों का जीवन पहाड़ों की कोख में पलता हैं परन्तु इन दिनों पहाड़ों की तपिश ने वनप्राणियों को भी बैचेन कर डाला है। वह भी गर्मी से निजात के लिये ठंडे स्थानों की तलाश करते तथा अपनी प्यास बुझाने पानी की तलाश में जंगल छोड़ आबादी से सटे क्षेत्रों तक पहुचने लगे हैं। इन दिनों खेतों में खड़े घने पेड़ों का सहारा लेते दिखाई दे जाते है। यही हाल वन्य पक्षियों का बना हुआ है। पक्षी भी पानी के तलाश में विचरण करते हैं इन दिनों स्तूप पहाड़ी की गोद में उछलकूद करते बंदर जो पेड़ पौधों की डालो से दौड़ भाग करते पर्यटकों का मन मोह लेते थे अब पहाड़ी क्षेत्र से आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच कर पानी की तलाश करते दिख जाते है तथा ठंडक का आनंद उठाने घरों की छांव एवं चौक चौराहे के पेड़ पौधे पर अपनी उछलकूद करते दिख जाते है। यह वन्य प्राणी मुंह से बोल नहीं पाते परन्तु वन्य जीवों से प्रेम करने वाले लोग इनकी भाषा को समझ लेते है तथा इनके खाने पीने की व्यवस्था जुटाने की जुगत लगाते है।

## जनसुनवाई: कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याएं सुन अधिकारियों को दिए निर्देश

**देवास, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर ॠतुराज सिंह ने जनसुनवाई में आये आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ॠतुराज सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत सुश्री ज्योति शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में आवेदक मदनलाल पिता दयाराम निवासी नागुखेडी ने उनके खेत से झुलती हुई 11 के.वी. लाइन एवं ट्रांसफार्मर को अन्य जगह पर शिफ्ट कराने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये। जनसुनवाई में आवेदक राजेन्द्र पटेल निवासी रेवाडी ने आवेदन दिया कि उनके मकान तक जाने वाले आम रास्ते को दिवार खडी कर पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। आम रास्ते को पुन: शुरू कराया जाये। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में आवेदक उदयसिंह पिता पदमसिंह निवासी चापड़ा ने नियमानुसार कृषि भूमि का सीमांकन नहीं किये जाने एवं सीमांकन कार्यवाही की सुक्ष्मता से जांच करने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही एवं संबंधितों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में आवेदिका माया बाई पति सतीश पांचाल निवासी देवास ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये। जनसुनवाई में आवेदक बद्रीलाल पिता जयराम निवासी भौंरासा ने पट्टा दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये। जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना, जमीन के सीमाकंन, बिजली बिल कम कराने, नामाकंन, बंटवारा, रास्ते पर से अतिक्रमण हटवाने, नालियों की साफ-सफाई करने सहित अन्य आवेदन पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए 16 जून तक पंजीयन

**रायसेन, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश की समस्त शासकीय आईटीआई में संचालित एनसीवीटी /एससीवीटी के पाठयक्रमों में प्रवेश प्रकिया प्रांरभ हो गई है। यह प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के पोर्टल पर होगी। आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन एवं इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन 16 जून तक कर सकेंगे। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी डीएसडी पोर्टल पर उपलब्ध है। जिले में संचालित 06 संस्थाओं में 17 विभिन्न व्यवसायों में 1088 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। व्यवसाय वेल्डर एवं स्विंग टेक्नालॉजी में कक्षा 8वीं के प्राप्तांक एवं शेष व्यवसायों के लिए कक्षा 10वीं के प्राप्तांकों के आधार पर चयन/मैरिट सूची जारी की जाएगी। महिलाओं के प्रवेश हेतु 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गयी है, जिसमें महिलाओं का कौशल विकास में योगदान रहेगा। जिले में संचालित समस्त शासकीय आईटीआई में पंजीयन हेतु हेल्पडेस्क की स्थापना की गयी है। अधिक जानकारी के लिये डीएसडी पोर्टल पर विजिट अथवा नजदीकी शासकीय आईटीआई अथवा मोबाईल नंबर 9827844062 से संपर्क कर सकते हैं।

## किसान संघ ने सौंपा 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन



**बाड़ी, देशबन्धु।** किसानों की विभिन्न समस्याओं के लेकर भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा तथा समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। मांगे पूर्ण नहीं होने की दशा में उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी हैं। भारतीय किसान संघ के बेनर तले आज किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 12 पर धरना दिया। धरने के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कृषकों की समस्याओं पर शासन का ध्यानाकर्षित कर संबोधित किया। धरने के उपरांत संघ पदाधिकारियों के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। तहसील कार्यालय पहुंचे किसानों ने ज्ञापन से पूर्व कृषक हित में नारे लगाए। ज्ञापन में एमएसपी पर मूंग की खरीदी शीघ्र आरंभ करने, पर्याप्त बिजली व्यवस्था प्रदान करने, बासमती धान की जीआई टैग दिलवाने, बाड़ी में शीघ्र कृषि उपज मंडी आरंभ करने जैसी मांगे शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान संघ के सदस्यों ने किसानों की अन्य समस्याओं की ओर भी तहसीलदार का ध्यानाकर्षित किया तथा समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आग्रह किया। विद्युत की अव्यवस्थाओं तथा अपर्याप्त आपूर्ति पर किसानों ने तीव्र आक्रोश जताया। तहसील कार्यालय पहुंचे किसानों ने चेतावनी दी कि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो क्षेत्र के किसान उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## कांग्रेस अब नेताओं की नहीं, कार्यकर्ताओं की पार्टी: गुर्जर



**रायसेन, देशबन्धु।** संगठन सृजन अभियान मध्यप्रदेश कार्यक्रम के अंतर्गत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक धीरज गुर्जर ने होटल अमोघ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी का स्पष्ट कहना है कि कांग्रेस अब नेताओं की नहीं कार्यकर्ताओं की पार्टी है और हमे ऐसा कप्तान चुनना है जो कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा होकर न दिन देखे और न रात।

मुझे राहुल गांधी ने आपके बीच भेजा है मैं रायसेन कांग्रेस के बारे मे अनभिज्ञ हूं मेरे लिए सभी बराबर है कोई नेता नहीं है सभी संगठन के मजबूत कार्यकर्ता हैं। आप ऐसे व्यक्ति को कप्तान चुनना जो सबको साथ लेकर चल सके सबकी आवाज बन सके। इस दौरान उपस्थित पूर्व मंत्री पी सी शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी के निर्देश है कि अब जो अध्यक्ष बनाया जाएगा वह आपके बीच मे से ही होगा। किसी नेता का न होकर संगठन का होगा। सिलवानी विधायक देवेन्द्र पटेल ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन का अध्यक्ष ऐसा होना चाहिए जो जिले की चारों विधानसभा जीता सके। हमे अनुशासन में रहकर अपनी बात रखना है और अगर कोई कार्यकर्ता को किसी तरह की शिकायत है तो वह अपनी बात संगठन में रख सकता है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक राजेश पटेल, पूर्व विधायक देवेन्द्र पटेल गढरवास,पूर्व जिलाध्यक्ष मुमताज खान, नारायण सिंह,राजेन्द्र तोमर,जावेद अहमद,इरफान दुर्रानी,तूफान सिंह राजपूत, विनोद इरपाचे, मनोज चक्रधर, होशियार सिंह ठाकुर, मलखान सिंह रावत, सुनील श्रीवास्तव, मेघराज चौहान आदि उपस्थित थे।

### मंदिर पर दबंगों ने जमाया कब्जा, पुजारी ने की शिकायत

**छतरपर, देशबन्धु।** ग्राम बारी के रामलला मंदिर के पुजारी और श्री रामलला सरकार जनसेवा समिति के सदस्य साधुदास उर्फ वीरेंद्र कुमार ने मंगलवार को कलेक्टर, एसपी को एक ज्ञापन सौंपा है। पुजारी साधुदास का आरोप है कि एसडीएम अखिल राठौर द्वारा आपराधिक प्रवत्ति के दबंगों को मंदिर की व्यवस्था सौंप दी गई है, जो नियमानुसार गलत है। पुजारी साधुदास ने बताया वह कई वर्षों से मंदिर में पूजा-पाठ और संपूर्ण व्यवस्था करते आ रहे हैं। 19 अप्रैल को एसडीएम छतरपुर अखिल राठौर प्रशासनिक अमले के साथ मंदिर गए थे जहां मंदिर के नियमों का उल्लंघन करने पर एसडीएम से उनकी कहासुनी हो गई थी। इससे नाराज होकर एसडीएम ने उनके विरुद्ध मामला दर्ज कराकर जेल भेजने की कार्रवाई करा दी। मंदिर की जिम्मेदारी गांव के दबंग करन सिंह, शैलेन्द्र तिवारी, अरविंद सिंह आदि को सौंप दी। ज्ञापन देकर पुजारी साधुदास ने मांग की है कि दबंगों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए मंदिर की जिम्मेदारी उन्हें दी जाए। पुजारी साधुदास ने यह चेतावनी दी है यदि उनके ज्ञापन पर विचार नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार के लिए किसान परेशान

**छतरपुर, देशबन्धु।** अपने स्वामित्व की भूमि का सीमांकन कराने और रिकॉर्ड के अनुसार भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग को लेकर मंगलवार को लेकर जनसुनवाई में आवेदन दिया गया है। घुवारा तहसील के ग्राम देवपुर निवासी किसान छंदा बंसल ने बताया गांव में उसके स्वामित्व की भूमि है, जिस पर वह वर्षों से खेती करते आ रहा है। पूर्व में उसकी जमीन के आसपास स्थित अन्य जमीनों के मालिकों से उसका विवाद हो गया था, जिसके बाद उसने घुवारा तहसील को सीमांकन के लिए आवेदन दिया था। तहसीलदार के आदेश पर आरआई, पटवारी ने सभी भू-स्वामियों से हस्ताक्षर तो कराए लेकिन उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई। छंदा के मुताबिक उसे रिकॉर्ड सुधार और सीमांकन का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज तक न तो सीमांकन किया गया और न ही रिकॉर्ड सुधार। छंदा के मुताबिक वह पूर्व में जनसुनवाई में भी आवेदन दे चुका है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहां गांव में लगातार विवाद की स्थिति बनी हुई है, जिस कारण से पूरा परिवार दहशत में है।

# मोटे अनाज और सोयाबीन बुवाई का क्षेत्रफल बढ़ाने का प्रयास करें: कलेक्टर



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर पार्थ जयसवाल ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में एग्रीकल्चर प्रोड्यूस कमेटी की बैठक में कई योजनाओं व कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि मोटे अनाज में जौ, ज्वार, बाजरा, मक्का, कोदो-कुटकी और सोयाबीन की बुवाई का क्षेत्रफल बढ़ाने का प्रयास किया जाए। कलेक्टर ने खरीफ फसलों को ध्यान में रखते हुए उर्वरक को उपलब्धता सुनिश्चित करने और पिछले वर्ष 2 हजार हेक्टेयर में ड्रिप स्प्रिंकलर का प्रयोग होने की तुलना में इस बार इसे बढ़ाकर 5 हजार हेक्टेयर में करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कृषि अभियांत्रिकी को हैप्पी सीडर और सुपर सीडर के बारे में किसानों को जागरुक करके इसके अधिक से अधिक आवेदन आने के बारे में सचेत किया। डीएमओ मार्कफेड से यूरिया, डीएपी की उपलब्धता की जानकारी लेकर कहा कि जिले में मांग की तुलना में उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अभी से कार्ययोजना तैयार कर ली जाए। जिले शेष 9 डबल लॉक में शेड व बैठक व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने जिले में किसानों के फॉर्मगेट ऐप पर पंजीयन बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा मंडी सचिवों को लगाकर इसकी प्रगति बढ़ाएं। साथ ही ई-अनुज्ञा प्रणाली, ई-मंडी योजना, एआईएफ योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने उद्यानिकी फसलों में फल, सब्जी, मसालों, पुष्प आदि का क्षेत्र विस्तार करने, किसानों को अटल भूजल योजना का लाभ देने और पीएफएमई योजना की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री जयसवाल ने जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक को कृषि संबंधी ॠण वितरण करने और जिला बैंक शाखाओं से कस्टम हायरिंग केंद्र के कम से कम 10 आवेदन के ॠण मंजूर करने के निर्देश दिए हैं। कृषि ॠण की वसूली बढ़ाने के लिए समिति प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा 30 जून तक यदि वसूली नहीं आई तो एक वेतन वृद्धि रोकी जाएगी। उन्होंने पशुओं में मुंह खुरी रोग के कम टीकाकरण पर नाराजगी जताकर टीकाकरण बढ़ाने के निर्देश दिए। मत्स्य पालन के लिए तालाबों को पट्टे पर देने और मत्स्य बीज उत्पादन की तैयारी के लिए भी निर्देशित किया।

गर्मी का टार्चर तेज हुआ, गर्म हवाओं ने किया लोगों को हलाकान

# नौगांव में पारा 46 डिग्री के पार पहुंचा, दिन भर आसमान से बरसती रही आग

**छतरपुर, देशबन्धु।** जून माह के दूसरे सप्ताह से ही गर्मी का टार्चर तेज हो गया है। मंगलवार को जिले के नौगांव में पारा 46 डिग्री को पार करके 46.1 पर पहुंच गया है। वहीं खजुराहो में अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। न्यूनतम तापमान में भी इजाफा हुआ है। नौगांव में न्यूनतम 27.6 और खजुराहो में 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इन दिनों गर्मी का टार्चर बढने से लोग गर्मी से बेहाल हो गए हैं। सुबह से सूरज की तपन बढने लगी, दोपहर में ऐसा महसूस हुआ मानो आसमान से आग बरस रही हो। दिन में शहर की सडकों पर दिखाई देने वाली भीडभाड चिलचिलाती धूप और गर्मी के कारण नहीं दिखी, सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। भीषण



गर्मी के इस मौसम ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। सूर्य देव के तीखे तेवर से गर्मी के कारण लोगों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। अधिक गर्मी का सबसे अधिक असर बच्चों में देखने को मिल रहा है, वहीं युवा और बडे भी धूप से प्रभावित हो रहे हैं। बाजारों में सुबह से ही गर्मी की वजह से सन्नाटा पसरा रहा। बाजार

### गर्म हवाएं और तेज धूप से निकलना मुश्किल



तेजी से बढते तापमान के साथ तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों को परेशान करते रहे। गर्मी के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। लोग सिर्फ जरुरी काम से गमछा, टोपी या तौलिया से चेहरा ढंककर और चश्मा लगाकर ही घर से बाहर निकले। दोपहिया वाहन चालकों को सफर करने में सबसे अधिक परेशानी हुई। गर्मी से बचने के लिए लोग कपडों से लिपटे नजर आ रहे हैं। राहगीरों ने बताया दोपहर में बाहर निकलते ही सिर पर धूप आग की तरह लग रही है। थोड़ी दूर चलने पर ही सिर दर्द और चक्कर आ रहे हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए इन दिनों शीतल पेय में नींबू शरबत, शिकंजी, कोल्डड्रिंक, ठंडी लस्सी, गन्ने के जूस और आइसक्रीम की डिमांड बढ़ गई है। गर्मी का असर तेज होते ही मौसमी फलों में सबसे ज्यादा तरबूज, खरबूज, आम, नारियल पानी की मांग बढ़ गई है।

# ताप्ती तीरे

## सार-समाचार

### जनसुनवाई से गायब चिचोली जनपद सीईओ का काटा वेतन

**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान चिचोली जनपद सीईओ के जनसुनवाई में अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 152 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान कलेक्टर सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में गंभीरता पूर्वक निराकरण किए जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी।

### खुशखबर लेकर आई जनसुनवाई, वर्षो से थे परेशान, मिल गया न्याय

**बैतूल, देशबन्धु।** जनसुनवाई में ग्राम चिल्कापुर निवासी बुजुर्ग नत्थू ने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनका खेत ग्राम गुदगांव में है। तहसीलदार को सीमांकन किए जाने के लिए एक साल पहले आवेदन दिया था, लेकिन अब तक सीमांकन नहीं हो पाया है। आवेदक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित तहसीलदार को तत्काल सीमांकन किए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार भैंसदेही तहसील के ग्राम जामुलनी निवासी रामरति द्वारा मशीन से सीमांकन कराए जाने के आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने भैंसदेही तहसीलदार को सीमांकन किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल तहसील के ग्राम बोरगांव निवासी सुरेंद्र मालवीय ने बताया कि वर्ष 2022 में भूमिका सीमांकन कराए जाने के लिए तहसीलदार बैतूल को आवेदन दिया था। 3 साल बाद भी सीमांकन नहीं हो पाया है।

### अवैध कब्जे को हटाने के दिए निर्देश

**भैंसदेही, देशबन्धु।** तहसील की रीमू लोखंडे ने कृषि भूमि पर जबरन बलपूर्वक किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने के लिए जनसुनवाई में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने भैंसदेही एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। आमला निवासी मोहित कवडे ने अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने डीईओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। आमला तहसील के ग्राम केहलपुर निवासी प्रमिला पाल ने अनावेदक द्वारा भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाए जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमला तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। शाहपुर तहसील के ग्राम देशावाड़ी निवासी नत्थू ने सीमांकन कराए जाने की मांग की। कलेक्टर ने शाहपुर तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### आर्थिक सहायता दिलाने की मांग

**बैतूल, देशबन्धु।** जनसुनवाई में बैतूल के लोहिया वार्ड निवासी संगीता चढ़ार और माचना नगर निवासी बालक अहाके ने शासन से प्राप्त होने वाली आर्थिक सहायता दिए जाने के लिए आवेदन दिया, प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने रोजगार कार्यालय के संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई निवासी नवल किशोर ने नामांतरण किए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने मुलताई तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। आमला निवासी सुखवंती ने आवेदन के माध्यम से अनावेदक द्वारा कृषि भूमि पर ट्रैक्टर के माध्यम से बुवाई कर अवैध अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की।

### जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ आज

**बैतूल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के द्वारा 11 जून बुधवार को अपराह्न 4 बजे शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, नगर पालिका उपाध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे व बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

ग्राम उड़दन में कबीर साहेब का मनाया जा रहा 628 वां प्रकट उत्सव समागम

# बिना दहेज के लिए फेरे, भक्तों ने किया 392 यूनिट रक्तदान

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल-इटारसी रोड पर ग्राम उड़दन स्थित आरटीओ ऑफिस के पास बने विशाल सतलोक आश्रम में जगतगुरू कहे जाने वाले संत रामपाल महाराज के आदेश से कबीर साहेब जी का 628 वां प्राकट्य दिवस बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है, जिसका प्रारंभ 9 जून को हो चुका है और इसका समापन आज 11 जून को होगा। इस महाविशाल समागम में संत रामपाल महाराज के सानिध्य में तीन दिवसीय अटूट भंडारा, संत गरीबदास जी महाराज द्वारा लिखित अमर ग्रन्थ साहेब का अखंड पाठ, नि:शुल्क नामदीक्षा, आध्यात्मिक प्रदर्शनी, रक्तदान-देहदान जैसे कई भव्य कार्यक्रम किए जा रहे है। हर बार की तरह इस बार भी समागम के दूसरे दिन 80 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह बिना किसी फिजूलखर्ची के मात्र 17 मिनिट में गुरुवाणी से सम्पन्न हो गया। मानव कल्याण के लिए हमेशा आगे रहने वाले संत रामपाल महाराज के आदेश से अनुयायियों ने इस बार भी जिला चिकित्सालय बैतूल को 392 यूनिट रक्तदान कर मानवता की मिशाल पेश की है।




**देहदान के संकल्प फार्म भरें:** साथ ही देहदान जैसे महादान के लिए भी हजारों अनुयाई लाइन लगाकर खड़े रहे और अपने मरणोपरांत शरीर को चिकित्सा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए दान करने हेतु स्वेच्छा से संकल्प फार्म भी भरें।

**भंडारे में हलवा, पूरी, जलेबी, लड्डू:** इस अटूट व महाविशाल भंडारे में आने वाले श्रद्धालुओं को लगातार शुद्ध देशी घी से निर्मित लड्डू, जलेबी, हलवा प्रसाद के साथ सब्जी, पूड़ी, दाल, चावल, सलाद परोसा गया।

### 10 हजार से ज्यादा सेवादार व्यवस्था में जुटे

आश्रम सेवादार विष्णु दास व अन्य ने बताया कि हमें हमारे सतगुरु देव संत रामपाल महाराज के आदेश है कि आश्रम में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए एक समान व्यवस्था की जाए तथा किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसके लिए 10 हजार से ज्यादा सेवादार पार्किंग, सिक्युरिटी, लेटबाथ, पांडाल सेवा, भंडारा आदि सभी स्थानों पर अपनी सेवाओं में लगातार लगे हुए है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के जूते-चप्पल रखने की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था, रहने, खाने, नहाने व मोबाइल चार्जिंग आदि की व्यवस्था बिल्कुल नि:शुल्क की गई है।

# वट सावित्री पर सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा



**आठनेर, देशबन्धु।** नगर सहित आसपास के ग्रामों में आज वट सावित्री का पूजन हिंदू रीति रिवाज के अनुसार सभी सुहागन महिलाओं ने वट वृक्ष की विधिवत्त पूजा अर्चना कर अपने सौभाग्य के लिए कच्चे धागे से वटवृक्ष को सूत कर भगवान विष्णु भगवान शंकर से अपने सुहाग की रक्षा करने का संकल्प का निश्चय कर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। सभी महिलाओं ने निहाल उपवास कर वट वृक्षों के पास एवं मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की इस संबंध में सीमा सोनी दिव्या आवठे सलोनी गढेकर ने बताया कि निराहार उपवास कर नगर के सभी वटवृक्षों देवालयों के पास सभी महिलाए अपने सुहाग के लिए पूजा अर्चना कर वट वृक्षों को सूत कर अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना कर रही है। भगवान विष्णु एवं भगवान शंकर से अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना के लिए यह व्रत करती है। श्रीमति सोनी ने बताया कि नगर के मां अंबा मंदिर एवं सबसे पुराने वटवृक्ष हनुमान मंदिर के पीछे तहसील परिसर वन विभाग और जहां भी वट वृक्ष मिले पूजा अर्चना कर अपने-अपने पति की लंबी उम्र के लिए भगवान से कामना की। नगर के सभी मठ मंदिरों में आज कई महिलाओं ने अपनी शक्ति अनुसार सबसे श्रेष्ठ फल आम को भगवान के श्री चरणों में चढ़ाकर फल की भी पूजा अर्चना की।

# बड़े साहब ने किया अवैध तरीके से बंटवारा और तोड़ दिया मकान

अपर कलेक्टर ने दिए एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन भेजने के निर्देश

**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में लोहिया वार्ड निवासी शंकरलाल मालवीय ने गंभीर आरोप लगाते हुए आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने तहसीलदार द्वारा की गई कार्रवाई को अवैधानिक बताते हुए उनके विरुद्ध सिविल सेवा आचरण नियम 1965 एवं 1966 के तहत कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर कार्यालय से इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैतूल को निर्देश जारी कर एक सप्ताह के भीतर जांच कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन भेजने को कहा गया है। शंकरलाल ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि उनकी परिवर्तित भूमि मौजा हमलापुर में है। उन्होंने बताया कि इस भूमि से संबंधित बंटवारा आदेश राजस्व प्रकरण क्रमांक 204/अ-27 वर्ष 2016-17 में दिनांक 28 मई 2018 को किया गया था। इस आदेश से जुड़ी जानकारी उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत दिनांक 30 नवंबर 2021 को मांगी थी, लेकिन उन्हें आज तक कोई सूचना नहीं दी गई। आवेदक ने यह भी बताया कि इसी भूमि के संबंध में तत्कालीन तहसीलदार द्वारा राजस्व प्रकरण क्रमांक 08/ब/121 वर्ष 2018-19 में दिनांक 22 अप्रैल 2019 को उनके मकान को अवैध रूप से तोड़ दिया गया।



इस कार्यवाही में किन धाराओं और नियमों के तहत तहसीलदार को अधिकार प्राप्त थे, इसकी भी जानकारी उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत 20 सितंबर 2021 को मांगी थी, परंतु इसका भी कोई उत्तर नहीं मिला। शंकरलाल मालवीय का आरोप है कि अधिकारी ने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर भूमि का अवैध रूप से बंटवारा किया, उनके आवासीय भूखंड पर बने मकान को भी तोड़ डाला। शंकरलाल ने अपने आवेदन में इस पूरे मामले की तत्काल जांच कर दोषी अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनके द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति भी संलग्न की गई है।

### होमगार्ड कार्यालय में हुआ कार्यक्रम

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला बैतूल के होमगार्ड कार्यालय में जिला सेनानी इंदल उपनारे के मार्गदर्शन में एक विशेष नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में होमगार्ड और एसडीआरएफ जवानों द्वारा 6 सिविल डिफेंस वालेंटियर को आंतरिक सुरक्षा के अंतर्गत नागरिक सुरक्षा के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की गई।

निजी टर्फ पर सेवाएं देने, ड्यूटी के दौरान शराब पीने की जन सुनवाई में शिकायत

# कन्या क्रीड़ा परिसर के पीटीआई पर अनुशासनहीनता के आरोप

**बैतूल, देशबन्धु।** जनजाति कार्य विभाग के कन्या क्रीड़ा परिसर बैतूल में पदस्थ शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक (पीटीआई) कैलाश वराठे पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। बैतूल निवासी लक्ष्मण नलगे ने कलेक्टर को शिकायत करते हुए बताया है कि कैलाश वराठे बिना विभागीय अनुमति के निजी टर्फ (प्राइवेट स्पोर्ट्स एकेडमी) में बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं, जो कि सरकारी सेवा आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है।



शिकायतकर्ता ने बताया कि जनजातीय कार्य विभाग, बैतूल में सूचना के अधिकार के तहत एक आवेदन देकर यह जानकारी मांगी गई थी कि क्या कैलाश वराठे ने निजी स्थान पर सेवाएं देने की अनुमति ली है। लेकिन 30 दिनों के भीतर कोई जानकारी नहीं दी गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि बिना किसी अधिकृत स्वीकृति के यह कार्य किया जा रहा है। लक्ष्मण नलगे ने यह भी आरोप लगाया कि कैलाश वराठे अपने निर्धारित समय में कन्या क्रीड़ा परिसर में उपस्थित नहीं रहते और बच्चियों को खेल गतिविधियों में प्रशिक्षण देने के दायित्व का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रहे हैं।

इसके विपरीत, वह निजी टर्फ पर समय देते हुए दोहरी आमदनी का लाभ उठा रहे हैं, जिससे सरकारी सेवक की निष्पक्षता और जवाबदेही पर सवाल खड़े होते हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि उनके ही स्टाफ के कुछ सदस्यों ने पूर्व में भी शिकायत की थी कि कैलाश वराठे परिसर में शराब के नशे में आते हैं और अनुचित व्यवहार करते हैं। शिकायतकर्ता ने इस आधार पर कलेक्टर से मांग की है कि कैलाश वराठे का मेडिकल परीक्षण कराया जाए और यदि वे नशे में पाए जाते हैं तो उन पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। लक्ष्मण नलगे ने जिला प्रशासन से मांग की है कि कैलाश वराठे की भूमिका की गंभीरता से जांच की जाए और उनके द्वारा विभागीय नियमों की अनदेखी करने तथा उनके व्यवहार से आदिवासी बालिकाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। पूरे मामले की जांच कर उनके खिलाफ जांच की जाए।

# बैतूल के इतिहास में पहली बार होगा खो-खो प्रीमियर लीग

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल के इतिहास में पहली बार खो-खो प्रीमियर लीग का आयोजन होने जा रहा है। पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्यादेवी होलकर त्रिशताब्दी जन्मोत्सव की स्मृति में 12 जून को एक दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता अहिल्या कप का आयोजन पुलिस ग्राउंड बैतूल में किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष मधुकर राव देव्हारे ने बताया कि यह प्रतियोगिता लीग बेसिस पर खेली जाएगी और इसके बाद नॉकआउट के आधार पर विजेता टीम घोषित की जाएगी। प्रतियोगिता की विशेष बात यह है कि बैतूल जिले के सभी खो-खो खिलाड़ियों को चार टीमों में बांटा गया है और इन टीमों का गठन ऑक्शन के माध्यम से किया गया है। इन चार टीमों में एच मार्ट, लेजेंड वॉरियर, अग्नि वीर और आरए स्पोर्ट्स शामिल हैं। इन सभी टीमों के ऑनर भी अलग-अलग हैं, जो अपने-अपने खिलाड़ियों के साथ प्रतियोगिता में जीत के लिए रणनीति बनाएंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा दिया जाएगा और द्वितीय पुरस्कार मुन्ना मानकर द्वारा प्रदान किया जाएगा। संपूर्ण आयोजन बैतूल खो-खो क्लब के तत्वावधान में किया जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष अंकित भिकोंडे ने समस्त बैतूलवासियों से निवेदन किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता को सफल बनाएं और खो-खो जैसे पारंपरिक खेल को प्रोत्साहन दें।




# चिचोली में चोरी और ट्रैफिक जाम से परेशान जनता

- पार्षद ने जनसुनवाई में की शिकायत, प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

**बैतूल, देशबन्धु।** चिचोली नगर में बढ़ती चोरी की घटनाओं और बेलगाम यातायात व्यवस्था पर ध्यान आकर्षित करते हुए वार्ड 15 की पार्षद नेहा रूपेश आर्य ने जनसुनवाई में शिकायत की है। पार्षद ने बताया कि नगर में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिनका समाधान नहीं हो पा रहा है। यह घटनाएं पिछले 4 से 5 वर्षों से बढ़ती जा रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। पार्षद ने आरोप लगाया कि न तो पुलिस, न ही नगर परिषद और न ही तहसील प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर हैं।

उन्होंने कहा कि जनता लगातार परेशान है, लेकिन प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। चिचोली नगर में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, यातायात व्यवस्था भी बेहाल है। बाजार में घंटों ट्रैफिक जाम लगा रहता है, जिससे लोग खासकर बच्चों की स्कूल वैन और एंबुलेंस जैसी आवश्यक सेवाओं को भी समय पर नहीं पहुंचा पा रहे। जब इस मुद्दे पर पुलिस से बात की गई, तो पुलिस ने इसे नगर परिषद की जिम्मेदारी बताकर अपना पल्ला झाड़ लिया। इसी तरह नगर परिषद और राजस्व विभाग भी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर इस मुद्दे से बच रहे हैं। पार्षद ने प्रशासन से मांग की कि इन मुद्दों पर एक ठोस योजना बनाई जाए और तीनों विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाए। पार्षद ने अपनी शिकायत में कुछ प्रमुख बिंदु भी दिए, जैसे नगर सीमा और प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाना, दुकानों के बाहर खड़े वाहनों को व्यवस्थित करना और छोटे वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करना। इसके अलावा, पुलिस की रात गश्त बढ़ाने और नगर के बाहर बाईपास रोड का निर्माण करने की भी मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि बैतूल के पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार चिचोली और नगर परिषद को भेजी गई है, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

प्रतीकात्मक फोटो



# बहन की संदिग्ध मौत पर भाई बोला: 50 हजार भी दिए, लालची ससुरालियों ने फिर भी मार डाला बहन को

**बैतूल, देशबन्धु।** बोरदेही थाना क्षेत्र में विवाहिता की मौत को लेकर मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले में मृतका के परिजनों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर एसपी से शिकायत की है। मुलताई थाना क्षेत्र अंतर्गत माथनी निवासी जयचन्द मोहबे ने अपनी बहन की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर ससुराल पक्ष के चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

जयचन्द ने बताया कि उसकी बहन गायत्री का विवाह ग्राम माथनी में 20 अप्रैल 2021 को पप्पू पिता दीनू बामने निवासी ग्राम कुजबा के साथ हुआ था। पप्पू के साथ उसके परिवार में देवेन्द्र बामने, मां भागवंती बामने और पिता दीनू बामने रहते हैं। इन चारों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। आवेदक जयचन्द के अनुसार विवाह के कुछ दिन तक तो सब ठीक चला, लेकिन बाद में पूरे परिवार ने गायत्री को दहेज के लिए ताने देने शुरू कर दिए। कहा गया कि तुम्हारा परिवार कंगाल है और उन्होंने शादी में कुछ नहीं दिया। बार-बार 50 हजार रुपए की मांग की गई। गायत्री ने यह जानकारी कई बार अपने मायके आकर या फोन पर दी थी। मजबूरी में मायके वालों ने 50 हजार रुपए भी दिए थे, जिनसे पप्पू ने ट्रैक्टर खरीदा, लेकिन बाद में रुपए भी वापस नहीं किए और मारपीट शुरू कर दी।



### दूसरी महिला से संबंध

जयचन्द ने बताया कि पप्पू किसी अन्य महिला से फोन पर बात करता था, जिससे गायत्री को मानसिक प्रताड़ना होती थी। विरोध करने पर पप्पू शराब पीकर घर आता और उसे पीटता। एक बार तो उसने यह भी कहा कि जबरन तेरे साथ शादी की है। 11 मई 2025 को गायत्री मायके आई थी। उसी दिन रात करीब 11 बजे पप्पू उसे लेने आया, तो परिवार ने कहा सुबह चले जाना। पप्पू ने वहीं गाली गलौज शुरू कर दी और मारपीट करने दौड़ा। बीच बचाव से मामला शांत हुआ और 12 मई को गायत्री वापस ससुराल चली गई। इसके बाद 20 मई को गायत्री ने किसी और के मोबाइल से फोन कर बताया कि उसके साथ फिर मारपीट की गई है। 28 मई को दोपहर 12.45 बजे पप्पू के मोबाइल से फोन आया। फोन पर उसके ससुर दीनू ने बताया कि गायत्री पापड़ डालते हुए बेहोश हो गई है और उसे इलाज के लिए मुलताई अस्पताल ला रहे हैं। जब जयचन्द और परिवार वाले अस्पताल पहुंचे तो देखा कि गायत्री मृत है और उसके मुंह से खून निकल रहा था।

### भैंसदेही में संघ ने हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव मनाया

**घोष वादन के साथ नगर में निकाली रैली**

**सावलमेढा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस को हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसी को लेकर भैंसदेही में भी संघ के स्वयंसेवकों, विविध संगठन कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक बंधुओं द्वारा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर घोष वादन के साथ नगर में रैली निकाली गई जो कि प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी जिसमे घोड़े पर सवार शिवाजी कि झांकी आकर्षण का केंद्र रही, नगरवासियों द्वारा भी महाराज शिवाजी का तिलक लगाकर स्वागत के साथ जगह जगह पुष्पवर्षा की। रैली में सम्मिलित युवाओं द्वारा जय भवानी-जय शिवाजी, हिन्दू वीर कैसा हो -वीर शिवाजी जैसा हो, भारत माता कि जय जैसे नारों का उद्घोष किया। अंत मे संघ की प्रार्थना के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।

# चमकेगी किस्मत, 16 विद्यार्थियों को कंपनियों में मिलेगा प्लेसमेंट

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जयवंती हाक्सर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) और फिनटेक विद ए.आई. के सर्टिफिकेट कोर्स का सफल समापन हुआ। यह पाठ्यक्रम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली और उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के संयुक्त सहयोग से 6 जनवरी 2025 से प्रारंभ किया गया था। इस कोर्स में कुल 16 विद्यार्थियों को चयनित किया गया था, जिसमें 8 विद्यार्थी ए.आई. और 8 विद्यार्थी फिनटेक विद ए.आई. संकाय में सम्मिलित हुए थे। पाठ्यम की पढ़ाई नियमित रूप से महाविद्यालय में संचालित की गई और इसकी विशेषता यह रही कि अनुपस्थित विद्यार्थियों को अगले दिन लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) के माध्यम से ऑनलाइन व्याख्यान उपलब्ध कराए गए, जिससे पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न आए। पाठ्यक्रम की अंतिम परीक्षा आईआईटी दिल्ली द्वारा आयोजित की गई, जिसके परिणाम हाल ही में घोषित किए गए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संकाय में देवांश अग्रवाल ने 76 प्रतिशत, तरुण बेलवंशी ने 75.9 प्रतिशत, फरहान हुसैन ने 90 प्रतिशत, सागर बेले ने 91 प्रतिशत, परंजय बिसेन ने 71.1 प्रतिशत, भावना ने 86.1 प्रतिशत, दिव्या ने 85.1 प्रतिशत और शेख साहिल ने 86.1 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सभी छात्र उत्तीर्ण हुए।



फिनटेक विद ए.आई. संकाय में रंजीत कास्दे ने 51 प्रतिशत, पार्थ पिंपलापुरे ने 92 प्रतिशत, दिव्या शेषकर ने 91 प्रतिशत, गौरव धुर्वे ने 91 प्रतिशत, अंशुल कुमार एवने ने 80 प्रतिशत, तिया भम्मरकर ने 81 प्रतिशत, मयंक साहू ने 79 प्रतिशत और हर्ष मालवी ने 65 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष घनश्याम मदान, प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे, पाठ्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर मेश्राम, ए.आई. क्लब की संयोजक डॉ. रितु साहू, तथा सदस्य डॉ. प्रियंका लिखितकर और डॉ. शिवदयाल साहू ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इन विद्यार्थियों के लिए अब महाविद्यालय द्वारा जॉब प्लेसमेंट की व्यवस्था की जा रही है। प्रशिक्षण और साक्षात्कार की प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों में नौकरी के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। महाविद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को गर्व की बात बताते हुए इसे शिक्षा क्षेत्र में एक नई उपलब्धि कहा।

मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने की मीडिया से चर्चा, कहा-

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल




**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पद संभालने के बाद कई कड़े फैसले लिए और तुष्टिकरण की राजनीति को समाप्त कर दिया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऐतिहासिक फैसले लिए जो पहले कभी नहीं हुए। जो काम अर्थव्यवस्था के डॉक्टर नहीं कर सके वे काम प्रधानमंत्री मोदी ने कर दिखाया। आज आर्थिक, सामरिक, कूटनीतिक सहित हर क्षेत्र में भारत का डंका बज रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की लोकतांत्रिक यात्रा पिछले 11 वर्षों में एक स्वर्णिम युग के रूप में दर्ज हो चुकी है। यह वह कालखंड है, जब देश ने प्रधानमंत्री मोदी के कुशल, दूरदर्शी और जन-समर्पित नेतृत्व में विकास, समावेशन और आत्मनिर्भरता की नई गाथा लिखी है।

डॉ. यादव आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आने के बाद राजनीतिक व्यवस्था में सकारात्मकता, पारदर्शिता और परिणाम का समावेश हुआ। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में बहुमत न होते हुए भी पूरे देश में जीएसटी लागू किया। प्रधानमंत्री ने तीन तलाक विरोधी कानून बनाकर मुस्लिम बहनों को परेशानियों से मुक्ति दिलाई। न्यायालय की महत्ता को स्थापित करते हुए उन्होंने सदियों पुराने राम मंदिर विवाद का पटाक्षेप किया और अयोध्या में राम मंदिर के भूमिपूजन से लेकर उसका लोकार्पण भी किया। डॉ. यादव ने कहा कि मोदी जी ने बड़ी सहजता से धारा 370 समाप्त कर दी। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में मुस्लिम देशों में भी भारत के प्रति अनुकूलता आई है। पड़ोसी देशों और दुनिया में भारत की छवि बदली है। डॉ. यादव ने कहा कि 1947 में आजादी के समय भारत दुनिया की 15 वें नंबर की अर्थव्यवस्था वाला देश था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में प्रति व्यक्ति आय में 67 प्रतिशत, विदेशी मुद्रा भंडार में 135 प्रतिशत, टैक्स पेयर आधार में 127 प्रतिशत और टैक्स कलेक्शन में 238 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने देश के स्वर्ण भंडार में 100 टन की वृद्धि की है और बैंक ऑफ इंग्लैंड में देश का अब सिर्फ 300 टन सोना रह गया है। बाकी सोना वापस भारत पहुंच चुका है। पहले हम विमान वाहक पोत से लेकर अन्य हथियार तक विदेशों से खरीदते थे। लेकिन आज हम 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के प्रोत्साहन के फलस्वरूप हमारे वैज्ञानिक काफी कम समय में कोविड की वेक्सीन बनाने में सफल रहे, वहीं चंद्रयान की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग भी इसका उदाहरण है। डॉ. यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में 6 करोड़ शौचालय बनाए। करोड़ों गरीब बहनों को उज्जवला योजना में गैस कनेक्शन दिए।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान मध्यप्रदेश भी विकास के रास्ते पर तेजी से कदम बढ़ रहा है। तीसरी के बाद अब चौथी रेल लाइन का काम शुरू हो चुका है। वहीं, प्रदेश के इंदौर से मनमाड़ तक अठ्ठारह हजार करोड़ की रेल परियोजना पर काम शुरू हो चुका है, जिससे मुंबई जाने वाले गाड़ियों का लगभग 250 किलोमीटर का फेर बचेगा। सतना और दतिया को मिलाकर हमारे पास 8 एयरपोर्ट हैं, वहीं कई अन्य अभी पाइपलाइन में हैं। नदी जोड़ो अभियान के अंतर्गत केन-बेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन हो चुका है। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष रविंन्द्र यति मंच पर उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री गरीबों के जीवन बदलने का कार्य कर रहे हैं : शर्मा

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों के जीवन बदलने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के प्रधान सेवक के पद की शपथ ली, उसके बाद हर निर्णय में प्रधानमंत्री ने यह साबित किया कि योजनाओं के माध्यम से भारत के हर व्यक्ति के जीवन को बदलने का कार्य किया जा रहा है। आजादी के 70 साल बाद तक लाखों की संख्या में गरीब के सिर पर पक्की छत नसीब नहीं थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने 4 करोड़ से अधिक पक्के आवास बनाकर गरीबों को पक्की छत देने का कार्य किया है। गरीबों के साथ 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के माध्यम से 5 लाख तक के नि:शुल्क इलाज की गारंटी देकर उनका जीवन खुशहाल बनाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि विश्व बैंक द्वारा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गरीबी दर 27.1 से घटकर 5.3 पर आ गई है। यह इतिहास अगर किसी के नेतृत्व में बना है तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। ऑपरेशन सिंदूर में विश्व ने भारत की ताकत को देखा है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया है कि भारत एक आर्थिक शक्ति के साथ सक्षम सामरिक शक्ति वाला देश है। 3 तलाक को समाप्त करना हो या जीएसटी कानून लागू करना, सांस्कृतिक पुनरूद्धार और धार्मिक जागरण के मुद्दे हो इस विषयों पर ऐतिहासिक निर्णय प्रधानमंत्री मोदी ही ले सकते थे। प्रधानमंत्री ने डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा दिया, आज भारत में 49 प्रतिशत ट्रांजेक्शन अब डिजिटली हो रहा है। प्रधानमंत्री ने गरीबी हटाने से लेकर 55 करोड़ जन-धन बैंक खाते खोलकर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना के माध्यम से भ्रष्टाचार पर शत-प्रतिशत रोक लगाई है।

प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की दिल्ली में हुई बैठक, मीडिया से बोले पार्टी नेता

## ग्वालियर उच्च न्यायालय परिसर में बाबा साहेब की मूर्ति स्थापना की अनुमति दे सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश के ग्वालियर में उच्च न्यायालय के सामने बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति को स्थापित करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) ने जानबूझकर विवाद पैदा किया है और संविधान की रक्षा के लिए केंद्र तथा राज्य की भाजपा सरकार को इस पर विवाद करने की बजाए बाबा साहेब की मूर्ति को स्थापित करने की इजाजत देनी चाहिए।

कांग्रेस के मध्य प्रदेश के अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी तथा राज्यविधान सभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंगहार ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ग्वालियर में बाबा साहेब की मूर्ति स्थापित न हो इसको लेकर जानबूझकर विवाद किया जा रहा है और इसके जरिए भाजपा सरकार मुद्दों से ध्यान भटकाकर वर्ग संघर्ष कराना चाहती हैं। पार्टी नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब की मूर्ति वहां लगनी चाहिए, लेकिन आरएसएस ने सोची-समझी साजिश के तहत विवाद उत्पन्न कर दिया और संघर्ष पैदा करना चाहते हैं इसलिए रणनीति के तहत बाबा साहेब की मूर्ति स्थापना पर विवाद करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण में बाबा साहेब के योगदान को कांग्रेस पार्टी और पूरा देश मानता है क्योंकि जो अधिकार लोगों को मिले हैं, वह बाबा साहेब की देन हैं। उन्होंने केंद्र तथा राज्य की भाजपा सरकार से हाई कोर्ट परिसर में बाबा साहेब की मूर्ति स्थापित करने में जो बाधा को हल करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए।

भाजपा आरएसएस को दलित विरोधी करार देते हुए उन्होंने कहा कि आज तक आरएसएस के जितने सरसंघसंचालक बनें, उनमें से एक भी दलित, आदिवासी समाज से नहीं रहा। इससे स्पष्ट होता है कि ये दलितों-आदिवासियों को सम्मान नहीं देना चाहते हैं। भाजपा-आरएसएस के लोग इतिहास को बदलना चाहते हैं और राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने वाले महान लोगों के विचारों को खत्म करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा-आरएसएस के लोग हमेशा राष्ट्रहित और देशभक्ति की बात करते हैं, लेकिन जब बाबा साहेब की मूर्ति की स्थापना होनी है, तब इनकी देशभक्ति कहीं चली जाती है। भाजपा देश में 'फूट डालो-राज करो' और एक सोची-समझी रणनीति के तहत देश का इतिहास बदलना चाहती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी की सोच उन सभी नेताओं के विचारों के साथ खड़ी है, जिन्होंने देश बनाया। कांग्रेस पार्टी देश के हर व्यक्ति और समाज का सम्मान करती है।

## पुलिस ने 5 बांग्लादेशी प्रवासियों पर की कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को अवैध अप्रवासियों के खिलाफ चल रहे एक विशेष अभियान के तहत पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार इलाके से अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों पर कार्रवाई की। इनमें तीन नाबालिग भी शामिल हैं। सभी भारत-बांग्लादेश सीमा स्थित नदी के रास्तों से अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और आनंद विहार में छिपकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहे थे। पूर्वी जिला पुलिस ने अवैध अप्रवासियों की पहचान और उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया था।

## राजभवन में सेवानिवृत्त व स्थानांतरित अधिकारियों को दी विदाई



**भोपाल, देशबन्धु।** राजभवन में नवीन पदस्थ अधिकारी का स्वागत, स्थानांतरित एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों की विदाई का संयुक्त समारोह आयोजित किया गया। स्थानांतरित एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों को स्मृति प्रतीक के रूप में अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

समारोह में राज्यपाल के स्थानांतरित परिसहाय शशांक को विदाई और नव पदस्थ परिसहाय नरेन्द्र रावत का स्वागत किया गया। राजभवन सचिवालय में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी डॉ. राजकुमार जैन को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। राजभवन के अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके साथ कार्य के अनुभवों को साझा किया। दोनों अधिकारियों ने राजभवन कार्यकाल के दौरान सभी के सहयोग के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव ने परिसहाय शशांक के कार्यकाल के अनुभव को साझा करते हुए नई प्रशासनिक जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएँ दी। सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ. जैन को सुखी और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी।

आयुक्त नगरीय प्रशासन ने दिये निर्देश

## नगरीय क्षेत्र में जर्जर भवन मालिकों के विरूद्ध करें कार्रवाई

**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने क्षेत्रों में जर्जर भवनों की सूची तैयार करें और मानसून आने के पहले जिला प्रशासन के सहयोग से जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित नागरिकों के उचित विस्थापन किये जाने के भी निर्देश दिये हैं।

आयुक्त ने यह कार्यवाही नगर निगम अधिनियम और नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को आगाह किया है कि सतर्कता के साथ की गई कार्यवाही से जनधन हानि से बचा जा सकता है। आयुक्त ने जर्जर भवनों की सूची तत्काल संबंधित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराने के लिये कहा है।

आयुक्त नगरीय प्रशासन ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को अपने शहरी क्षेत्र के नाले-नालियों की साफ-सफाई प्राथमिकता से करवाने के लिये कहा है। उन्होंने कहा कि नाले-नालियों की उचित साफ-सफाई न होने की वजह से जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। इस वजह से नागरिकों को तकलीफ का सामना करना पड़ता है। आयुक्त श्री भोंडवे ने नगरीय निकायों को सफाई कार्य की अपने स्तर पर सतत समीक्षा करने के लिये भी कहा है।

## मप्र पहला राज्य, जहां नगरीय निकायों को सिंगल पोर्टल पर लाया गया

**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केन्द्रीकृत वेब आधारित ई-नगरपालिका 2.0 योजना प्रारंभ की है। यह योजना डिजिटल इण्डिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी और त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से लागू की गयी है। यह योजना ई-गवर्नेंस का अनूठा उदाहरण है। ई-नगरपालिका 1.0 द्वारा नगरीय निकायों द्वारा प्रदत्त समस्त नागरिक सेवाओं, जन-शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य-प्रणाली, समस्त भुगतान और बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनलाइन सुविधा प्रदाय की जा रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है, जहाँ प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है।

ई-नगरपालिका 2.0 का विभिन्न विभागों जैसे उद्योग, राजस्व, पंजीयन विभाग आदि एवं भारत सरकार के महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप जैसे उमंग से भी एकीकृत किया गया है। प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को प्रदाय करने के लिये एकीकृत एकल एसएपी, ईआरपी प्लेटफार्म आधारित ई-नगरपालिका 1.0 लागू की गयी थी। इसके बाद ई-नगरपालिका 2.0 नगरीय निकायों में लागू कर दी गयी है। इसके अंतर्गत 16 मॉड्यूल तथा 24 नागरिक सेवाएँ शामिल हैं। भौतिक अवसंरचना को क्लाउड सेवाओं द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। ई-नगरपालिका 2.0 में जीआईएस एकीकरण और ऑर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का भी उपयोग किया जा रहा है। कॉमन सर्विस सेंटर, एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर और भुगतान गेटवे के साथ ई-नगरपालिका 2.0 का एकीकरण किया जा रहा है। ई-नगरपालिका 2.0 ओपन सोर्स प्लेटफार्म टेक्नोलॉजी पर आधारित है।

## युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव अटका

**नहीं जारी हो पाई उम्मीदवारों की अंतिम सूची**

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव फिलहाल जल्द होने की उम्मीद नजर नहीं आती। क्योंकि उम्मीदवारों की सूची जारी होने की निर्धारित तिथि के बाद भी उम्मीदवारों की अंतिम सूची अब तक जारी नहीं हो पाई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 मई को फाइनल उम्मीदवारों की सूची जारी हो जानी थी लेकिन अभी तक युवाओं को इंतजार करना पड़ रहा। दरअसल चुनाव से पहले निर्देश जारी हुए थे कि अपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर कोई कार्यकर्ता उम्मीदवार नहीं बन पाएगा। साथ ही आयु सीमा भी रखी गई थी। यही वजह है कि कमेटी को उम्मीदवारों का चयन करना काफी मुश्किल हो रहा है। अब नामांकन की स्कूटनी में उम्मीदवारों के अंतिम नाम तय करने में कमेटी के पसीने छूट रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार युवा कांग्रेस में जिला अध्यक्षों के लिए जिन लोगों ने अपना नामांकन भरा है। उनमें से 70 प्रतिशत लोगों की शिकायत कमेटी के पास पहुंची है। अब ऐसे में उम्मीदवार तय कर पाना कमेटी के लिए बहुत ही चुनौतीपूर्ण काम लग रहा है, हालांकि कमेटी का कहना है कि जल्द ही उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। वहीं ब्लॉक अध्यक्षों के लिए प्रदेश के 1100 ब्लॉक में से करीब 100 से ज्यादा ब्लॉकों से एक भी नामांकन नहीं आए हैं। वहीं करीब 700 ब्लॉकों से सिंगल आवेदन आए हैं। ऐसे में पार्टी को एक और बार आवेदन करने की छूट देनी पड़ सकती है। या सिंगल नाम वाले ब्लॉकों में बगैर चुनाव कराए ही उम्मीदवारों की घोषणा करनी पड़ेगी। जिन ब्लॉकों से नाम नहीं आए हैं वहां दोबारा से आवेदन कराना ही पड़ेगा अन्यथा सीटें खाली रह जाएंगी।

अप्रैल माह में युवा कांग्रेस ने चुनाव प्रक्रिया की समय सारणी जारी किया था। जिसके अनुसार 19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक कोऑर्डिनेटर जिलों का दौरा करेंगे। नॉमिनेशन 27 अप्रैल से 6 मई तक चलेंगे। दावे आपत्तियों और सुनवाई 28 अप्रैल से 7 मई तक होगी। वहीं, नॉमिनेशन फॉर्म्स की स्कूटनी 7 मई से 9 मई तक की जाएगी। युवा कांग्रेस चुनाव को लेकर 11 मई तक सभी फाइनल कैंडिडेट किए जाएंगे। वहीं, कुछ जिलों में एससी और एसटी वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए आरक्षित जिलों में सागर, देवास, जबलपुर (शहर) पांढुर्ना, गुना, बुरहानपुर और सतना का नाम है।

### अपर मुख्य सचिव राजन ने दो दिवसीय इन्क्यूबेटर कार्यशाला का किया शुभारंभ

**भोपाल, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा विभाग एवं एम.पी. स्टार्टअप सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में, भोपाल स्थित आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में दो दिवसीय इन्क्यूबेटर कार्यशाला का अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन ने दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया। अपर मुख्य सचिव श्री राजन ने स्टार्ट अप के बारे में व्यापक रूप से जागरूकता लाने के लिए एवं प्राध्यापको द्वारा और अधिक रूचि लेने के लिए कहा। श्री राजन ने प्रदेश में अटल इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से स्टार्टअप के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करने का सन्देश भी दिया।

लघु उद्योग निगम में हुई कार्यशाला

## प्रदेश के 20 उत्पादों के जीआई टैगिंग प्रक्रिया के लिये एमओयू हुआ



**भोपाल, देशबन्धु।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के अंतर्गत राज्य नोडल एजेंसी, मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम द्वारा विश्व बैंक समर्थित आरएएमपी योजना के अंतर्गत जीआई टैगिंग के लिए राज्य स्तरीय परामर्श बैठक मंगलवार को लघु उद्योग निगम के कान्फ्रेंस हॉल में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम और ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन वाराणसी के बीच जीआई टैगिंग प्रक्रिया संबंधी एमओयू किया गया। एमओयू राज्य के लगभग 20 पारंपरिक उत्पादों के जीआई टैगिंग के लिये तकनीकी सहयोग, दस्तावेज़ीकरण, आवेदन प्रक्रिया, प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है।

इन उत्पादों को कानूनी संरक्षण, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों तक पहुंच और ब्रांडिंग के ज़रिये व्यापक पहचान दिलवाने पर भी विमर्श हुआ। आयुक्त एमएसएमई दिलीप कुमार ने विभागों से योजना के तहत बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया तथा देश को होने वाले फायदों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत में जीआई टैगिंग विशेषज्ञ एवं ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन, वाराणसी के कार्यकारी निदेशक डॉ. रजनीकांत ने जीआई टैगिंग की प्रक्रिया, कानूनी ढांचा, और देशभर में हुए सफल जीआई पंजीकरणों की जानकारी साझा की। बनारसी साड़ी, चंदेरी वस्त्र और मधुबनी पेंटिंग जैसे उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने बताया कि जीआई टैगिंग से कैसे न केवल उत्पादों को सुरक्षा मिलती है बल्कि कारीगरों और किसानों की आजीविका भी सशक्त होती है। रैंप नोडल अधिकारी अनिल थागले ने सभी विभागों से अनुरोध किया कि वे ऐसे विशिष्ट उत्पादों के नाम बताये जिन्हें जीआई टैगिंग प्रक्रिया में आगे बढाया जा सकता हो।

## 59 तहसीलदार और प्रभारी तहसीलदार इधर से उधर

**भोपाल, देशबन्धु।** राजस्व विभाग ने प्रदेश में थोकबंद तबादले किए हैं। जिसके तहत 59 तहसीलदार और प्रभारी तहसीलदारों के तबादले किए गए हैं। विभाग द्वारा जारी सूची के मुताबिक अरविंद शर्मा प्रभारी तहसीलदार छतरपुर से भिण्ड, मोहित जैन प्रभारी तहसीलदार दमोह से सागर, अजेन्द्र नाथ प्रजापति प्रभारी तहसीलदार भिण्ड से नीमच, धर्मेन्द्र कुमार चौकसे तहसीलदार छिंदवाड़ा से इंदौर, हर्ष विक्रम सिंह प्रभारी तहसीलदार रायसेन से भोपाल, नीरज कालमेघ प्रभारी तहसीलदार भोपाल से संपदा संचालनालय भोपाल, पंकज नयन तिवारी प्रभारी तहसीलदार डिण्डौरी से उमरिया, प्रवीण पाटीदार प्रभारी तहसीलदार सागर से धार, सतेन्द्र सिंह गुर्जर प्रभारी तहसीलदार धार से इंदौर, राजेश कुमार सोनी तहसीलदार नीमच से इंदौर, गोविंद सिंह ठाकुर प्रभारी तहसीलदार टीकमगढ़ से इंदौर, ललिता गडरिया प्रभारी तहसीलदार बुरहानपुर से धार, प्रेमलता पाल प्रभारी तहसीलदार श्योपुर से विदिशा, सुनील सिंह भदौरिया प्रभारी तहसीलदार अशोकनगर से दतिया, संदीप तिवारी प्रभारी तहसीलदार छतरपुर से सागर, अवधेश यादव प्रभारी तहसीलदार विदिशा से देवास, विनीत गोयल प्रभारी तहसीलदार ग्वालियर से राजगढ, मीनाक्षी जायसवाल प्रभारी तहसीलदार सतना से सीधी, सुश्री सोनम शर्मा प्रभारी तहसीलदार शाजापुर से अशोकनगर, महेन्द्र चौहान प्रभारी तहसीलदार सागर से नर्मदापुरम्, ऋतु भार्गव प्रभारी तहसीलदार सीहोर से कार्यालय राहत आयुक्त भोपाल, लक्ष्मी प्रसाद अहिरवार प्रभारी तहसीलदार अशोकनगर से छतरपुर, गजेन्द्र सिंह लोधी प्रभारी तहसीलदार गुना से सीहोर, सौरभ वर्मा प्रभारी तहसीलदार सीहोर से भोपाल, रूपेश्वरी कुंजाम प्रभारी तहसीलदार छिंदवाड़ा से जबलपुर, सुश्री रुचि अग्रवाल प्रभारी तहसीलदार गुना से ग्वालियर, निर्भय सिंह पटेल प्रभारी तहसीलदार इंदौर से रतलाम, सुश्री सोनम भगत प्रभारी तहसीलदार रतलाम से देवास, ज्योति ठोके प्रभारी तहसीलदार सिवनी से छिंदवाड़ा, सच्चितानंद त्रिपाठी प्रभारी तहसीलदार छिंदवाड़ा से जबलपुर, जयेश प्रताप सिंह प्रभारी तहसीलदार धार से श्योपुर, सुमित कुमार गुप्ता प्रभारी तहसीलदार रीवा से जबलपुर, गौरव कुमार पांडे कटनी से जबलपुर, सुश्री संगीता गोलिया प्रभारी तहसीलदार देवास से इंदौर, शैवाल सिंह प्रभारी तहसीलदार इंदौर से सागर, सुश्री पलक पिडिहा प्रभारी तहसीलदार विदिशा से नर्मदापुरम्, अरविंद कुमार यादवप्रभारी तहसीलदार टीकमगढ़ से विदिशा केश्या सोलंकी प्रभारी तहसीलदार खण्डवा से खरगोन, हरिसिंह धुर्वे तहसीलदार जबलपुर से मण्डला भूपेन्द्र कैलासिया प्रभारी तहसीलदार सीहोर से भोपाल, सुश्री संतुष्टि पाल प्रभारी तहसीलदार उज्जैन से रतलाम, सपना तिवारी प्रभारी तहसीलदार सागर से ग्वालियर, सुश्री नीलम परसेडिया प्रभारी तहसीलदार सीहोर से राजगढ़ डॉ. अमित सिंह प्रभारी तहसीलदार विदिशा से सीहोर रमेशचन्द्र परमार तहसीलदार शाजापुर से टीकमगढ़, अनिल पटेल प्रभारी तहसीलदार नर्मदापुरम् से इंदौर, दिनेश सोनरतिया तहसीलदार धार से खरगोन, राकेश सस्तिया प्रभारी तहसीलदार खरगोन से इंदौर, संतोष कुमार प्रभारी तहसीलदार अलीराजपुर से नीमच गौरीशंकर शर्मा तहसीलदार अनूपपुर से नरसिहंपुर, नीलेश कुमार सिंह प्रभारी तहसीलदार रीवा से उमरिया, शैलेन्द्र बिहारी शर्मा प्रभारी तहसीलदार दमोह से सतना, नितिन गोड प्रभारी तहसीलदार मण्डला से टीकमगढ, नितिन कुमार झोड़ प्रभारी तहसीलदार सीधी से नर्मदापुरम्, बसंतीलाल डाबी प्रभारी तहसीलदार रतलाम से नीमच, प्रीति पंथी प्रभारी तहसीलदार पन्ना से विदिशा, जगदीश रण्धा प्रभारी तहसीलदार इंदौर से निवाड़ी, मनीष जैन प्रभारी तहसीलदार देवास से रतलाम, मधुलिका तोमर प्रभारी तहसीलदार मुरैना से ग्वालियर स्थानांतरित किए गए हैं।

## बरकतउल्ला विवि के कुलसचिव सहित उच्च शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों के तबादले

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य शासन ने उच्च शिक्षा विभाग में 15 अधिकारियों के तबादले किये हैं। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के प्रभारी कुलसचिव और उप कुलसचिव बदल दिए गए हैं। राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में रात 9 जून की रात आदेश जारी किए गए। वहीं तकनीकी शिक्षा विभाग में 3 वरिष्ठ अधिकारियों को स्थानांतरित किया गया है।

विभागीय आदेश के मुताबिक भोपाल के बरकतउल्ला और हिन्दी विश्वविद्यालय के कुल सचिव भी बदले गए हैं। इनके साथ ही उच्च शिक्षा विभाग ने प्राचार्य, प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, लाइब्रेरियन, क्रीड़ा अधिकारी के भी तबादले किए हैं।

विभाग द्वारा जारी सूची में 44 लाइब्रेरियन, 97 प्रोफेसर, 32 क्रीड़ा अधिकारी, 286 सहायक प्राध्यापक और 2 प्राचार्य शामिल हैं। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अभी कुछ और प्रोफेसरों के तबादले हो सकते हैं। साथ ही प्राचार्य भी बदले जाएंगे। विभाग ने तृतीय श्रेणी कैडर के 83 कर्मचारियों को भी स्थानांतरित किया है।

जारी आदेश के मुताबिक बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के प्रभारी कुलसचिव आईके मंसूरी को अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय में प्रभारी कुलसचिव बनाया है। उप कुलसचिव और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव अजय वर्मा को बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू का प्रभारी कुल सचिव, विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव प्रज्जवल खरे को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर का प्रभारी कुलसचिव पदस्थ किया गया है।

वहीं अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव और उप कुलसचिव शैलेंद्र जैन को प्रभारी कुलसचिव राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा में भेजा गया है, जबकि प्रभारी कुलसचिव प्राध्यापक युवराज पाटिल प्रभार से मुक्त किए गए हैं।

इधर अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन और नीति विश्लेषण स्कूल में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ उप कुलसचिव अजीत श्रीवास्तव को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में उप कुलसचिव पदस्थ किया है।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के उप कुल सचिव सरिता चौहान को पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल में प्रभारी कुलसचिव बनाया है। इनके चार्ज लेने के बाद प्राध्यापक डॉ आशीष तिवारी प्रभारी कुल सचिव की सेवा से मुक्त होंगे।

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के सहायक कुल सचिव राकेश कुमार चढ़ार को रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर में सहायक कुलसचिव बनाया गया है।

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा की सहायक कुलसचिव पिंकी मनकानी को सहायक कुलसचिव बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल स्थानांतरित किया गया है। डॉ. बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू की सहायक कुलसचिव संध्या मालवीय को सहायक कुलसचिव देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की सहायक कुलसचिव पुष्पांजलि अजनारे को सहायक कुल सचिव डॉ. बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू पदस्थ किया है।

वहीं अमन अग्रवाल सहायक कुलसचिव पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल को सहायक कुल सचिव महाराज छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर, दुर्गेश कुमार पेंद्रो सहायक कुल सचिव महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट सतना से सहायक कुलसचिव पंडित शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल, पंचम लाल सहायक कुल सचिव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर को सहायक कुल सचिव रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर, सुनीता देवड़ी सहायक कुल सचिव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर को सहायक कुल सचिव पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल तथा पवन साहू सहायक कुलसचिव पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल को सहायक कुल सचिव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर पदस्थ किया है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।